✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 03 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 30 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं आदि के साथ बैठक करते सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### राबड़ी देवी को आवास खाली करने के लिए नोटिस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से आरजेडी और लालू परिवार की राजनीतिक पहचान माने जाने वाले 10 सर्कुलर रोड आवास का आवंटन अब बदल दिया गया है। भवन निर्माण विभाग ने यह सरकारी आवास मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित कर दिया है। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवास खाली करने का नोटिस भी जारी किया गया है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली से पटना लौट आए हैं। दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री सीधे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब 15 मिनट तक मुलाकात हुई। बताया जा रहा है कि दिल्ली में हुई बैठकों और बिहार से जुड़े मुद्दों पर दोनों के बीच चर्चा हुई। इसके अलावा एमएलसी चुनाव को लेकर भी बातचीत हुई। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान बिहार के विकास और राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

### जहानाबाद साइबर थाना के इंस्पेक्टर निलंबित

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने जहानाबाद साइबर थाने में पोस्टेड इंस्पेक्टर पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। इन पर मखदुमपुर (टेहटा) थाना कांड संख्या 321/25 एवं 437/24 के अनुसंधान में गंभीर लापरवाही बरतन का आरोप था। जहानाबाद एसपी की जांच रिपोर्ट और आईजी विकास वैभव की समीक्षा के बाद यह कार्रवाई हुई है। सस्पेंड किए गए इंस्पेक्टर पंकज कुमार उक्त कांडों में तत्कालीन अनुसंधानकर्ता थे।

### एक जुलाई से निजी स्कूलों की होगी सघन जांच

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने निजी स्कूलों की नकेल कसने की तैयारी कर ली है। इसके तहत सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की एक से 31 जुलाई तक सघन जांच होगी। इसमें आधारभूत संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, नामांकन, छात्र सुविधाओं और अन्य निर्धारित मानकों की भी जांच की जाएगी। शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) और बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली के अनुपालन की जांच के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाएगा। वर्तमान में राज्य में 19186 निजी स्कूल प्रस्वीकृति प्राप्त हैं जबकि 1012 प्रक्रिया में हैं। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को पत्र भेजा है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों के साथ की बैठक

# विकसित भारत के निर्माण में बिहार की प्रगति अहम : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में बिहार की प्रगति अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों से कहा कि बिहार के नवनिर्माण और व्यापक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। नई दिल्ली स्थित होटल द अशोक में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार ने आधारभूत संरचना, बिजली, कनेक्टिविटी एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है लेकिन राज्य को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर मिलकर काम करना जरूरी है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार देश की लगभग 10 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बिहार के तीव्र विकास के बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार के बीच मजबूत सेतु की भूमिका निभाने तथा विकास योजनाओं एवं निवेश को गति देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में हो रहे बदलाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। विशेष रूप से बेहतर



आधारभूत संरचना और कनेक्टिविटी राज्य में आने वाले लोगों को विकास का एहसास कराती है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने तथा बिहार की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान दिलाने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने कहा कि बिहार में असीम संभावनाएं हैं लेकिन संभावनाओं और वास्तविकता के बीच की दूरी को प्रभावी नीति एवं बेहतर क्रियान्वयन के माध्यम से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने शिशु एवं मातृ मृत्यु दर जैसे सामाजिक सूचकांकों में हुए सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार अब तेज़ विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं एवं केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया जिनमें गिरिराज सिंह, रामनाथ ठाकुर, राजीव प्रताप रूडी, रविशंकर प्रसाद, संजय झा, राजभूषण चौधरी, चिराग पासवान एवं ललन सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारियों ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक ढांचे, पर्यटन, आधारभूत संरचना तथा कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने बिहार को अधिक प्रगतिशील एवं निवेश-अनुकूल राज्य बनाने के लिए बेहतर नीति समन्वय, प्रशासनिक दक्षता और मजबूत सार्वजनिक-निजी सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। बिहार सरकार के स्थानिक आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन राज्य सरकार और विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार निवेश, पर्यटन, उद्योग और सामाजिक विकास के क्षेत्र में नई संभावनाओं के सृजन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# रिश्वत लेते डीटीओ कार्यालय का क्लर्क और दलाल गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ ऑफिस) में छापेमारी की। वाहन ट्रांसफर कराने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में डीटीओ ऑफिस के क्लर्क संजय कुमार और उसके कथित दलाल शिवानंद झा को निगरानी टीम ने छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी सत्यम कुमार से गाड़ी ट्रांसफर करने के एवज में रिश्वत मांगी गई थी। इसके बाद सत्यम कुमार ने 22 मई को निगरानी विभाग पटना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन और जांच के बाद कांड संख्या 63/26 के तहत निगरानी विभाग ने कार्रवाई की योजना बनाई। डीएसपी रंजीत कुमार निराला के नेतृत्व में पहुंची निगरानी टीम ने बेगूसराय डीटीओ कार्यालय में छापेमारी करते हुए दोनों आरोपियों को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों के बीच हड़कंप का माहौल बना रहा। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम गिरफ्तार क्लर्क और दलाल से सर्किट हाउस में पूछताछ कर रही है। वहीं दोनों आरोपियों को पटना ले जाने की तैयारी के तहत कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद परिवहन विभाग में फैले दलाल तंत्र और भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पैसे दिए कार्यालय में आम लोगों का काम कराना मुश्किल हो गया था। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

# विनय कुमार बने भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/रांची।** केंद्र सरकार ने बिहार एवं झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार तथा अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे हैं। मंत्रालय के अवर सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विनय कुमार को आगामी दो वर्षों के लिए भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि विनय कुमार करीब चार दशक से बिहार एवं झारखंड में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया एवं हिंदुस्थान समाचार में ब्यूरो प्रमुख तथा विशेष संवाददाता के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके पूर्व भी वे केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा इस्पात मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों की कई समितियों के सदस्य रह चुके हैं और अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।



हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर
सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. निर्मल कुमार कुशवाहा
वरीय नेता, जनता दल यू
पूर्व प्रभारी, औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र
डिहरी ऑन-सोन (रोहतास)

# आंधी-बारिश से परेशान किसानों को राहत देगी सरकार : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और भारी ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। बागों में लगे फलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा के बाद किसान परेशान और मायूस नजर आ रहे हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ी राहत की बात कही है। उन्होंने साफ कहा कि राज्य सरकार प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कृषि विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा की। सीएम ने कहा कि जिन जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों और फलों को नुकसान हुआ है, वहां तत्काल सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित राहत दी जाए। सरकार ने साफ किया है कि नुकसान का आकलन होने के बाद किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। कृषि विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें जल्द ही प्रभावित इलाकों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लेंगी। मुख्यमंत्री ने वज्रपात की घटना में औरंगाबाद में दो, गया में तीन, सारण और खगड़िया में एक-एक व्यक्ति की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इतने लोगों की अचानक जान जाना अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और उनके परिजनों को इस मुश्किल समय में हौसला दें। इस हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तुरंत बड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग को आदेश दिया है कि वज्रपात का शिकार हुए सभी मृतकों के परिजनों को बिना किसी देरी के 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि तुरंत दी जाए। सरकार की कोशिश है कि पीड़ित परिवारों को इस दुख की घड़ी में जल्द से जल्द आर्थिक संबल मिल सके। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को कागजी प्रक्रिया फटाफट पूरी करने को कहा गया है।

एनटीपीसी NTPC नबीनगर Nabinagar



नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना
स्टेज I - 3X660 MW, स्टेज II - 3X800 MW ( निर्माणाधीन )
अदितिनगर, पो.ओ.:अदितिनगर, ज़िला-औरंगाबाद, बिहार-824304
/ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited www,ntpc.co.in
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

# नदी और तालाब किनारे बने अवैध मकानों पर चलेगा बुलडोजर : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि नदी, डैम, तालाब और अन्य जलस्रोत क्षेत्रों पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों पर कब्जा कर घर या अन्य संरचनाएं बनाना पर्यावरण और जल निकासी व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी शहरी निकाय क्षेत्रों में अवैध निर्माणों की पहचान कर नोटिस जारी करने, प्राथमिकी दर्ज करने और अवैध संरचनाओं को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि जलस्रोत क्षेत्रों में किसी तरह का निर्माण कार्य न करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी



परियोजना, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी परियोजना को गति देने के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही शहरी परिवहन व्यवस्था सुधारने और राजस्व संग्रहण के संसाधनों को बढ़ाने पर भी जोर दिया। कांके डैम संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने डैम में गिरने वाले नालों को बंद करने, कैचमेंट एरिया की मापी और घेराबंदी कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शहर के सभी घरों तक पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पानी पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत बनाने और नगर निकाय क्षेत्रों में बारिश से पहले जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रांची समेत राज्य के सभी रिंग रोड के आसपास सोलर पैनल और सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर तेजी से काम करने को कहा। उन्होंने अगले 15 दिनों में प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट से मंजूरी लेने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर वेस्ट मैनेजमेंट को अनिवार्य रूप से लागू करने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की, ताकि कचरे का बेहतर प्रबंधन और पुनर्चक्रण हो सके।

C M Y K

# हिंदी पत्रकारिता : जनचेतना संघर्ष और बदलते दौर की सशक्त आवाज

– रवि तिवारी



भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं रही बल्कि समाज की चेतना, लोकतंत्र की मजबूती, स्वतंत्रता आंदोलन और जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का आधार भी बनी है। हिंदी पत्रकारिता ने इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंग्रेजी भाषा की तुलना में हिंदी भाषा देश के सबसे बड़े जनसमूह की भाषा है और इसी कारण हिंदी पत्रकारिता ने गांव, कस्बों और शहरों तक अपनी गहरी व व्यापक पहुंच बनाई है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक हिंदी पत्रकारिता ने समय-समय पर समाज को दिशा देने, सत्ता से सवाल पूछने और आमजन की आवाज़ बनने का कार्य किया है। हिंदी पत्रकारिता का इतिहास लगभग दो सौ वर्षों पुराना है। 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा कलकत्ता से प्रकाशित 'उदन्त मार्तण्डङ्क हिंदी का पहला समाचार पत्र माना जाता है। यह हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक शुरुआत थी। उस समय संसाधनों का अभाव था, पाठकों की संख्या सीमित थी और अंग्रेजी शासन की बंदिशें भी थीं, फिर भी हिंदी पत्रकारिता ने अपनी राह बनाई। 'उदन्त मार्तण्ड' अधिक समय तक नहीं चल पाया लेकिन उसने हिंदी पत्रकारिता की मजबूत नींव रख दी। इसके बाद 'हिंदी प्रदीप', 'कवि वचन सुधा', 'भारत मित्र', 'सरस्वती' और 'प्रताप' जैसे पत्रों ने हिंदी पत्रकारिता को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायक रही। उस दौर में समाचार पत्र केवल खबरें नहीं छापते थे बल्कि देशभक्ति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना को जन-जन तक पहुंचाते थे। उस समय पत्रकारिता एक मिशन थी, व्यवसाय नहीं आज की तरह। गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबूराव विष्णु पराड़कर, माखनलाल चतुर्वेदी और बाल गंगाधर तिलक जैसे पत्रकारों ने अपने लेखन से ना केवल अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी बल्कि उनके नाक में दम कर रखा था उस दौर में कई समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगे, संपादकों को जेल जाना पड़ा, लेकिन कलम नहीं रुकी। गणेश शंकर विद्यार्थी का 'प्रताप' अखबार अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने का प्रतीक बन गया। माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी लेखनी से युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई। उस दौर की पत्रकारिता में त्याग, आदर्श और सामाजिक प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई देती थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी पत्रकारिता का दायरा तेजी से बढ़ा। लोकतंत्र में प्रेस को चौथा स्तंभ माना गया और हिंदी पत्रकारिता ने जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य किया। संसद से लेकर गांव की चौपाल तक की समस्याएं अखबारों के माध्यम से सामने आने लगीं। भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को हिंदी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से उठाया। हिंदी पत्रकारिता ने न केवल समाचार दिए बल्कि सामाजिक जागरूकता पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश के बड़े हिंदी समाचार पत्र जैसे दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, अमर उजाला, नवभारत टाइम्स, राजस्थान पत्रिका नवभारत, हरिभूमि, नई दुनिया, देशबंधु, बिहार से प्रकाशित नवबिहार टाइम्स ने हिंदी पत्रकारिता को व्यापक पहचान दी। ग्रामीण भारत की आवाज़ हिंदी पत्रकारिता की सबसे बड़ी ताकत उसकी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच है। भारत की बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और हिंदी समाचार पत्रों ने ग्रामीण समस्याओं को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया। किसानों की आत्महत्या, सिंचाई संकट, शिक्षा, बेरोजगारी, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को हिंदी पत्रकारिता ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। ऐसा देखा गया कि कई बार समाचारों के प्रभाव से प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। क्षेत्रीय पत्रकारों ने स्थानीय मुद्दों को सामने लाकर लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत किया। छोटे शहरों और कस्बों में काम करने वाले पत्रकार सीमित संसाधनों के बावजूद समाज की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करते रहे हैं। समय के साथ पत्रकारिता का स्वरूप बदलता गया। टेलीविजन चैनलों के आगमन ने समाचारों को तेज और प्रभावशाली बना दिया। हिंदी न्यूज चैनलों ने आमजन तक त्वरित समाचार पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। आजतक, एबीपी न्यूज, एनडीटीवी, न्यूज18 इंडिया, ज़ी न्यूज और इंडिया टीवी जैसे चैनलों ने हिंदी पत्रकारिता को नई पहचान दी। लाइव रिपोर्टिंग, डिबेट और एक्सक्लूसिव खबरों ने पत्रकारिता को अधिक गतिशील बनाया। हालांकि इस दौर में टीआरपी की होड़ भी बढ़ी जिसके कारण कई बार समाचारों की गंभीरता की जगह सनसनीखेज प्रस्तुतिकरण ने ले ली जिस कारण पत्रकारिता के मूल्यों और निष्पक्षता पर भी सवाल उठने लगे। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने पत्रकारिता की दुनिया पूरी तरह बदल दी। अब समाचार केवल अखबार या टीवी तक सीमित नहीं हैं। मोबाइल फोन के माध्यम से हर व्यक्ति तक खबरें तुरंत पहुंच जाती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी पत्रकारिता तेजी से लोकप्रिय हुई है। वेबसाइट, यूट्यूब चैनल, ब्लॉग और सोशल मीडिया पेजों के माध्यम से हिंदी में बड़ी मात्रा में सामग्री उपलब्ध हो रही है। डिजिटल पत्रकारिता ने अभिव्यक्ति को और लोकतांत्रिक बनाया है। अब कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात रख तो सकता है लेकिन इसके साथ फ़ेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं की समस्या भी व्यापक रूप से बढ़ी है। आज पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि तेज़ी की दौड़ में सत्य और विश्वसनीयता को कैसे बनाए रखा जाए। हिंदी पत्रकारिता आज कई चुनौतियों का सामना कर रही है। व्यावसायिकता बढ़ने से समाचार संस्थानों पर विज्ञापन और बाजार का दबाव बढ़ा है। कई बार खबरों की प्राथमिकता जनहित के बजाय व्यावसायिक हित तय करने लगे हैं। राजनीतिक दबाव, कॉरपोरेट हस्तक्षेप और सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा ने पत्रकारिता को प्रभावित किया है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करना पहले की तुलना में अधिक कठिन होता जा रहा है। ग्रामीण और छोटे शहरों के पत्रकारों की स्थिति भी चिंताजनक है। कम वेतन, असुरक्षा और संसाधनों की कमी के बावजूद वे लगातार काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर फैलती अफवाहें और अपुष्ट समाचार पत्रकारिता की विश्वसनीयता के लिए खतरा बन रहे हैं। ऐसे समय में तथ्य आधारित पत्रकारिता की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं बल्कि समाज को जागरूक करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। पत्रकार को निष्पक्ष, संवेदनशील और जिम्मेदार होना चाहिए।सच्ची पत्रकारिता सत्ता से प्रश्न पूछती है, कमजोरों की आवाज़ बनती है और समाज को सही दिशा देने का प्रयास करती है। पत्रकारिता तब सार्थक होती है जब वह आम आदमी की समस्याओं और जनभावनाओं को ईमानदारी से प्रस्तुत करे। महात्मा गांधी ने कहा था कि 'पत्रकारिता का उद्देश्य जनता की इच्छाओं को समझना और उन्हें अभिव्यक्त करना है। आज भी यह विचार उतना ही प्रासंगिक है।' भविष्य में हिंदी पत्रकारिता की संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों के विस्तार से हिंदी भाषा का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। देश ही नहीं, विदेशों में रहने वाले भारतीय भी हिंदी समाचारों से जुड़े हुए हैं। नई पीढ़ी के पत्रकार तकनीक के साथ आगे बढ़ रहे हैं। डेटा पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता और डिजिटल स्टोरीटेलिंग जैसे नए प्रयोग पत्रकारिता को आधुनिक बना रहे हैं लेकिन तकनीक के साथ-साथ पत्रकारिता के मूल मूल्यों को बचाए रखना सबसे आवश्यक है। सत्य, निष्पक्षता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व ही पत्रकारिता की वास्तविक पहचान हैं। हिंदी पत्रकारिता का इतिहास संघर्ष, साहस और जनसेवा की गौरवशाली परंपरा से भरा हुआ है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक हिंदी पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज भले ही पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही हो लेकिन उसकी भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आवश्यकता इस बात की है कि पत्रकारिता अपने मूल उद्देश्य और नैतिक मूल्यों को बनाए रखे। जब पत्रकारिता निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षीय होगी तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और समाज सही दिशा में आगे बढ़ सकेगा। हिंदी पत्रकारिता केवल भाषा का माध्यम नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आशाओं, संघर्षों और सपनों की आवाज़ है।

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
काशीनाथ जी
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय
उब (ओबरा) औरंगाबाद

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
आमोद कुमार सिंह
पूर्व प्रत्याशी, राष्ट्रीय जनता दल
नवीनगर विधानसभा क्षेत्र
मुखिया, चंद्रगढ़ (नवीनगर) औरंगाबाद

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
उदय कुमार गुप्ता
मुख्य पार्षद
नगर परिषद
औरंगाबाद (बिहार)

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
ई. धर्मेन्द्र कुमार आनंद
कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
औरंगाबाद (बिहार)
औरंगाबाद जिले के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित

मो.- 9006625235, 7277023073, 9031374973 Reg. No.- AUR/CE/PO4/AII/2026
न्यू महावीर हॉस्पिटल
पता : तेन्दुआ दान (निर्मल बिगहा रोड वीर कुँवर स्थान) औरंगाबाद
Dr. A. Kumar M.B.B.S.(MS) Physician & Surgeon (On Call)
Dr. Prashant Kumar M.B.B.S. General Physician Reg. No.- 52492
Dr. S.K Yadav B.H.M.S V.B.U Hazaribag General Physician
24X7 घंटा सेवा उपलब्ध

LAXMI PUBLIC SCHOOL
लक्ष्मी बिहार, बेल रोड, ओबरा (औरंगाबाद) बिहार
Affiliated to CBSE, Delhi (Affiliation No.-330795)
Class: Nursery to Xth
- ओबरा शहर का प्रथम ENGLISH MEDIUM SCHOOL
- लाइब्रेरी एवं साइंस लैब की सुविधा
- कंप्यूटर लैब की सुविधा
- सुरक्षित वाहन की सुविधा
- समुचित खेल कूद की व्यवस्था
- योग, संगीत, नृत्य, चित्राकला एवं स्पोकन इंग्लिश क्लास की व्यवस्था
- एक क्लास में अधिकतम 40 बच्चे
- अनुभवी एवं बाहरी शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की समुचित व्यवस्था
- छात्रावास की व्यवस्था
- स्वच्छ एवं शांत वातावरण
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
अभिषेक कुमार
अध्यक्ष
Mob.:7542834724, 7563035596

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप सिंह
प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस
औरंगाबाद (बिहार)
अलावती देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत : जम्होर
औरंगाबाद (बिहार)

कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी
जंदाहा (वैशाली)
की ओर से हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
डिजिटल शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से 17 वर्षों से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु समर्पित संस्थान
आनंद रंजन झा
संस्थापक एवं संचालक
कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी

महावीर मल्टीकेयर हॉस्पिटल
स्थान परिवर्तन
इस्कान मंदिर के पास फार्म पर N.H.2 हाइवे, (औरंगाबाद)
डॉ. जितेन्द्र कुमार
BHMS (B.U)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्वेता रानी
मुख्य पार्षद
एकमा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए प्रतिबद्ध
दीपक कुमार
मुख्य पार्षद प्रतिनिधि
नगर पंचायत, एकमा (सारण)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक प्रसाद
प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी
देव (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
वी. एण्ड एस. बिल्डिकॉन
पिपरा बरदाग (छतरपुर) पलामू
स्टोन चिप्स के निर्माता, बिक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट
डिहरी ऑन-सोन (रोहतास) बिहार
सुधा Milk & Milk Products
वादा शुद्धता का
COMFED

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पंजाब नैशनल बैंक
शाखा : ओबरा (औरंगाबाद)
पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सीबीएस शाखा
संतोष कुमार, शाखा प्रबंधक

ADWAY
PATNA (BIHAR)
की ओर से हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

SOCIAL INSTITUTE FOR WEAKER's SECTION
PATNA (BIHAR)
की ओर से हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
N.K.Jha
Secretary

# सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों का चुनाव संपन्न

## छह नगर निकायों में कुल 24 सदस्य निर्वाचित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 21(3) एवं 27(3) में संशोधन के उपरांत नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना संख्या 1187, 02.04.2026 के आलोक में रोहतास जिले के छह नगर निकायों में शुक्रवार को सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों का निर्वाचन, निर्वाचित वार्ड पार्षदों के द्वारा बहुमत के आधार पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार कराया गया। शुक्रवार को कराये गए निर्वाचन परिणाम के अनुसार निगम सासाराम से कुल सात सदस्य क्रमशः प्रमिला देवी वार्ड सांख्या 8, गीता देवी वार्ड संख्या 14, सुनील कुमार वार्ड संख्या 18, रौशन आरा वार्ड संख्या 20, अंजू मौर्या वार्ड संख्या 22, राशिद अहमद वार्ड संख्या 26, सारिका कुमारी वार्ड संख्या 28 निर्वाचित हुए। इसी तरह नगर परिषद नोखा से कुल तीन प्रमोद कुमार वार्ड संख्या 22, नयना खातून वार्ड संख्या 14 एवं मनोज कुमार वार्ड संख्या 3 स्थाई समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। नगर परिषद बिक्रमगंज में प्रविंद्र कुमार सिंह वार्ड संख्या 14, जसिम आलम वार्ड संख्या 24 एवं रामझारो देवी वार्ड संख्या 9 समिति के सदस्य के रूप में निर्वचित हुए। नगर परिषद डिहरी से कुल पांच सदस्य आनंद कुमार वार्ड संख्या 31, रंगलाल सिंह वार्ड संख्या 13, रितु हजारीका वार्ड संख्या 10, धर्मशीला देवी वार्ड संख्या 9 एवं संतोष कुमार वार्ड संख्या 21 निर्वाचित घोषित किए गए। वही नगर पंचायत चेनरी से मुन्ना पाण्डेय वार्ड संख्या 2, प्रियंका कुमारी वार्ड संख्या 13 एवं ज्योति कुमारी वार्ड संख्या 11 स्थाई समिति के सदस्य रूप निर्वाचित हुए। नगर पंचायत नासरीगंज से कुल तीन शामसाद अहमद वार्ड संख्या 12, कृष्ण कुमार वार्ड संख्या 7 एवं साजिया प्रवीन वार्ड संख्या 2 स्थाई समिति के सदस्य रूप मे निर्वाचित घोषित किए गए।

## राष्ट्रीय स्तर पर पंचायत को किया जाएगा पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** 3 जून को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 समारोह होगा जहां बिहार की 46 ग्राम पंचायतों को सम्मान मिलेगा। इसमें रोहतास जिले का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है क्योंकि जिले की 11 पंचायतें पुरस्कार के लिए चुनी गई हैं। खास बात ये है कि अकेले काराकाट प्रखंड की तीन पंचायतें - चिकसिल, काराकाट और किरीही - इस लिस्ट में शामिल हैं जो पूरे जिले में सबसे ज्यादा है। ये तीनों पंचायतें समग्र पीएआई 2.0 में शीर्ष स्थान पाने वाली ग्राम पंचायतें वर्ग में चुनी गई हैं। काराकाट के मुखिया 49 साल के योगेंद्र सिंह, चिकसिल के मुखिया 52 साल के सिधारी राजवार और किरीही के मुखिया 42 साल के धर्मेंद्र साह को मुख्य अतिथि सम्मानित करेंगे।

## 49 लाख की लागत से बने विद्यालय भवन का विधायक सोनू सिंह ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय शंकरपुर बटिहा में शुक्रवार को 49 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो मंजिला नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों द्वारा आगंतुक अतिथियों को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पूनम देवी ने की जबकि संचालन वरीय शिक्षक अखिलेश्वर कुमार ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने कहा कि वर्तमान समय में कक्षा एक से आठवीं तक विद्यालय में कुल 139 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं जिनके पठन-पाठन के लिए 10 शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं विधायक सोनू सिंह ने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से समय पर विद्यालय पहुंचने की सलाह दी तथा शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। विद्यालय शिक्षा समिति के पूर्व सचिव एवं डिहरी ब्लॉक 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे ने विधायक से विद्यालय भवन में चार अतिरिक्त कमरों तथा एक किचन रूम निर्माण की मांग की, ताकि बच्चों को पढ़ाई में और अधिक सुविधा मिल सके।
मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष अनीता देवी, गणेश पांडे, निर्मल पांडे, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, उमेश प्रसाद, पूनम देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव सम्पन्न, पांच सदस्य निर्वाचित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर की सशक्त स्थायी समिति के पांच सदस्यों के निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को सम्राट अशोक भवन सभागार में मतदान के बाद मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाची पदाधिकारी नीलेश कुमार की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई गई। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि पद संख्या एक पर वार्ड संख्या 31 के वार्ड पार्षद आनंद कुमार चौधरी को 27 मत प्राप्त हुए जबकि वार्ड संख्या 15 के विशाल गुप्ता को 10 मत मिले। आनंद कुमार चौधरी 17 मतों से विजयी घोषित किए गए।
दूसरे पद पर वार्ड संख्या 13 के पार्षद रंगलाल सिंह को 25 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वार्ड संख्या 14 की पार्षद मंजू देवी को 12 मत प्राप्त हुए। रंगलाल सिंह 13 मतों से विजयी रहे। तीसरे पद पर वार्ड संख्या 10 की पार्षद ऋतु हजारिका को 26 मत प्राप्त हुए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी वार्ड पार्षद आरती देवी को 11 मत मिले। ऋतु हजारिका 15 मतों से विजयी घोषित की गईं। चौथे पद पर धर्मशिला देवी को 25 मत प्राप्त हुए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कलावती देवी को 11 मत मिले। एक मत रद्द घोषित किया गया। धर्मशिला देवी 14 मतों से विजयी रहीं। पांचवें पद के लिए हुए मुकाबले में वार्ड संख्या 21 के पार्षद संतोष कुमार उपाध्याय को 13 मत प्राप्त हुए जबकि वार्ड संख्या 3 के पार्षद रवि शेखर एवं वार्ड संख्या 6 के पार्षद रितेश कुमार को 12-12 मत मिले। संतोष कुमार उपाध्याय एक मत से विजयी घोषित किए गए।
निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि पांच पदों के लिए कुल 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। मतदान में कुल 39 में से 37 वार्ड पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो पार्षदों की सदस्यता रद्द होने के कारण वे मतदान से वंचित रहे। निर्वाचन के उपरांत सभी विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अवर निर्वाची पदाधिकारी सह दंडाधिकारी संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अजीत कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मौसम में बदलाव को देख आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार में मौसम परिवर्तन देखा जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार ने आमजनों से सतर्क रहने एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि खराब मौसम एवं मेघ गर्जन के दौरान खुले मैदान, खेत, ऊंचे स्थान तथा पेड़ों के नीचे खड़े होना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। वज्रपात की आशंका होने पर लोग तुरंत किसी सुरक्षित भवन, पक्के मकान अथवा सुरक्षित स्थान पर शरण लें तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। विभाग ने विशेष रूप से किसानों, बच्चों, मजदूरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी है क्योंकि खुले क्षेत्रों में वज्रपात का खतरा अधिक रहता है। विभाग ने कहा है कि बारिश एवं गरज-चमक के दौरान नदी, तालाब, पोखरा एवं अन्य जलाशयों के पास जाने से बचें। बिजली कड़कने के समय विद्युत उपकरणों के प्लग निकाल दें तथा मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करें। खराब मौसम के दौरान पूरी सावधानी बरतें, सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## 10 जून को किसान महापंचायत का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राम पियार सिंह उच्च विद्यालय कवई के प्रांगण में बजे रघुनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक किसान सभा का महत्वपूर्ण आयोजन किया गया और प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक का मुख्य एजेंडा दो बिंदुओं पर केंद्रित रहा। पहला कुशल उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने एवं निर्मित फसलों की समस्या पर विचार करना। दूसरा आगामी 10 जून 2026 को किसानों का महापंचायत आयोजित कर आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा करना। इस अवसर पर किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड राजन क्षीर सागर, महासचिव कॉमरेड रामचंद्र महतो, बक्सर एध्क्रके जिला सचिव कॉमरेड उत्तम प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष कॉमरेड भीम सिंह, जिला सचिव बक्सर एध्क्रकॉमरेड भोलेश्वर सिंह, किसान सभा के जिला सचिव कॉमरेड श्रीराम राम, भाकपा अंचल सचिव कॉमरेड कलामुद्दीन, भाकपा सहायक सचिव कॉमरेड संतोष कुमार सहित कॉमरेड देवंती देवी, राष्ट्रीय दलित अधिकार आंदोलन के कॉमरेड ध्रुविन्द्र रामाकर भारती, शाहपुर के कॉमरेड जगदीश राम, कॉमरेड सन कुमार, कॉमरेड रवि कंात राम, कॉमरेड सुदर्शन राम, कॉमरेड हरेंद्र सिंह, कॉमरेड अखिलेश कुमार चौधरी एवं कॉमरेड नरसिंह सिंह समेत 17 प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही।

## शरीर की खुराक भोजन तो आत्मा की खुराक भजन : मनोहर बाबा

### सूक्ष्म आत्मा की खुराक भजन-कीर्तन : डॉ. निर्मल कुशवाहा



**मदन कुमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के मौडिहां गांव में बंदी अधिकार के संयोजक संतोष उपाध्याय की माता स्वर्गीय कृष्णा देवी के स्वर्गवास के उपरांत श्रद्धांजलि सभा, भजन-कीर्तन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवगंज कुटिया मंदिर के महंत मनोहर बाबा ने कहा कि यह शरीर मिट्टी से बना है और एक दिन मिट्टी में मिल जाएगा, लेकिन आत्मा अमर है। आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए भजन-कीर्तन सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि शरीर का खुराक भोजन है जबकि आत्मा का खुराक भजन-कीर्तन है। मृत्यु के बाद आयोजित भंडारे में लोग समाज, परिवार और मित्रों के लिए भोजन की व्यवस्था करते हैं, लेकिन दिवंगत आत्मा की वास्तविक तृप्ति हरि-भजन से ही होती है। जदयू नेता एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने स्वर्गीय कृष्णा देवी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनकी स्वयं भी भजन-कीर्तन में गहरी आस्था है। सूक्ष्म आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए भजन-कीर्तन का विशेष आध्यात्मिक महत्व होता है। भजन-कीर्तन कार्यक्रम में गायक अवधेश बढ़क सिंह ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ढोलक पर नरेश चौधरी तथा बेंजू वादन में सुनील, कईल मिस्त्री, गंगा, नन्हकू, अमित कुमार पंचासी और राम नारायण सहित अन्य कलाकारों ने संगत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आगत अतिथियों को डॉ. निर्मल कुशवाहा तथा उनके पुत्र संतोष उपाध्याय, अरुण उपाध्याय, राजीव उपाध्याय, नवीन उपाध्याय एवं मुखिया ददन पासवान ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, ददन पांडेय, जिला परिषद सदस्य अजय कुशवाहा, उपमुखिया ललन उपाध्याय, कथावाचक शास्त्री जी सहित विभिन्न दलों के नेता, अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





जनगणना 2027 का पहला चरण

जनगणना कार्य निदेशालय बिहार

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना

2 मई से 31 मई

एक कॉल, पूरी जानकारी

टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें : 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

CBC 19108/13/0122/2627

# डिलीवरी के मामले में नालंदा 82 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में पहले स्थान पर : विजय चौधरी

## डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक रूप से किया जाएगा प्रदर्शित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले ने पूरे बिहार में एक नई मिसाल कायम की है। संस्थागत प्रसव यानी अस्पताल में डिलीवरी के मामले में नालंदा 82 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित हरदेव भवन में आयोजित जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में सूबे के उपमुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कही। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि अब अस्पतालों के प्रवेश द्वार पर डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। बड़े बोर्ड पर यह जानकारी दी जाएगी कि किस दिन और किस समय कौन डॉक्टर ड्यूटी पर रहेगा। इससे मरीजों को सुविधा होगी और डॉक्टरों की जवाबदेही भी तय होगी। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई डॉक्टर बिना उचित कारण या पूर्व अनुमति के ड्यूटी से गायब पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई भी दी। बैठक में बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा करते हुए विजय कुमार चौधरी ने कहा कि प्री-मानसून की अच्छी बारिश किसानों के लिए लाभदायक साबित होगी। इससे धान का बिचड़ा तैयार करने में मदद मिलेगी और अगेती खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का अनुमान लगाना कठिन हो गया है, लेकिन इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद है, जिससे किसानों की पैदावार बेहतर होगी। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही निगम के माध्यम से जिले में बीज उपलब्ध करा दिए जाएंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने खराब चापाकलों, बिजली समस्या और जर्जर पुल-पुलियों का मुद्दा भी उठाया। डिप्टी सीएम ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।

### विकास योजनाओं और बाढ़ पूर्व तैयारी की समीक्षा

**बिहारशरीफ।** नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव सभागार में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री-सह-जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 की पूर्व तैयारी तथा जिला नागरिक परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विकास योजनाओं, बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम कुंदन कुमार ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कहा कि आम जनता से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण विभाग द्वारा जिले में कराए गए कटाव निरोधक कार्यों, एफएफएस निर्माण, बांध मरम्मत और नदी सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की गई। कई योजनाओं के पूर्ण होने तथा कुछ कार्यों के प्रगति पर रहने की जानकारी दी गई। साथ ही संभावित बाढ़ 2026 को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग एवं विद्युत विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिले में सर्पदंश रोधी दवा, एंटी रैबीज वैक्सीन, पेयजल टैंकर और क्विक रिस्पॉन्स टीम की उपलब्धता की जानकारी दी गई।

# कौआकोल में बेमौसम बारिश और आंधी से मौसम हुआ सुहाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, वहीं लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की। कई दिनों से पड़ रही उमस और तपिश से परेशान लोग बारिश के बाद सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। हालांकि तेज बारिश और आंधी के कारण कुछ जगहों पर जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के चलते कई जगह पेड़ों की डालियां भी टूटकर गिर गईं। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है।

## कौआकोल में जोरदार आंधी-पानी ने मचाई तबाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक आए तेज आंधी-पानी ने भारी तबाही मचाई। अचानक मौसम बदलने के साथ तेज हवा और बारिश से कई घरों एवं गौशालाओं को नुकसान पहुंचा,जबकि बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। प्रखंड के बरौन गांव में तेज आंधी के कारण अशोक सिंह के मकान का पूरा करकट उड़ गया, जिससे हजारों रुपये मूल्य की क्षति हुई। वहीं मौलेश्वर सिंह के गौशाला का भी करकट उड़ गया, जिससे पशुपालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के दौरान इसी गांव में बिजली के दो पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं प्रखण्ड के लगभग सभी इलाकों में करीब दस घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहा।

# तेज आंधी और बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शुक्रवार की सुबह आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने नवादा नगर परिषद की तैयारियों और सफाई व्यवस्था की पूरी पोल खोल कर रख दी। कुछ ही देर की बारिश में जिला मुख्यालय के कई प्रमुख इलाके जलमग्न हो गए। विजय बाजार, सदर अस्पताल रोड, मेन रोड, भगत सिंह चौक, स्टेशन क्षेत्र समेत कई मोहल्लों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी सदर अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को हुई। अस्पताल परिसर और आसपास जलजमाव होने के कारण मरीजों को पानी के बीच होकर अस्पताल पहुंचना पड़ा। कई जगहों पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता नजर आया, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के कारण अस्पताल आने वाले एंबुलेंस




चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के प्रमुख बाजारों में भी जलजमाव से दुकानदार परेशान दिखे। विजय बाजार इलाके में सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। दुकानों के सामने पानी भर जाने से व्यापार प्रभावित हुआ और लोगों की आवाजाही लगभग ठप हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन नगर परिषद स्थायी समाधान निकालने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। बारिश के बाद जगह-जगह जलजमाव को लेकर लोगों का गुस्सा जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के अधिकारियों पर फूट पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि नालों की समय पर सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण थोड़ी ही बारिश में शहर डूब गया। कई नागरिकों ने कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बारिश आते ही विकास के दावों की सच्चाई सामने आ जाती है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से शहर की जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, नालों की नियमित सफाई कराने और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी, तो आने वाले मानसून में हालात और भयावह हो सकते हैं।

# सात वर्षों से फरार लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** हिसुआ थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुए लूटकांड मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को नवादा पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पिछले सात वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। 23 अक्टूबर 2019 को हिसुआ थाना में एक इंडिका वाहन चालक द्वारा आवेदन देकर बताया गया था कि तीन अज्ञात अपराधियों ने उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। चालक ने बताया कि गया से हिसुआ आने के दौरान हिसुआ पेट्रोल पंप के समीप अपराधियों ने ओवरटेक कर वाहन को रोका और मारपीट करते हुए मोबाइल तथा वाहन




लूट लिया था। इस मामले में हिसुआ थाना कांड संख्या 445/19 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम लगातार फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। तकनीकी जांच एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसी क्रम में 28 मई 2026 को शाहपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव से एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लाल बादशाह उर्फ दिलीप कुमार, पिता भूषण सिंह उर्फ शशिभूषण, निवासी रेवड़ा थाना शाहपुर जिला नवादा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नगर परिषद, वारिसलीगंज हेतु सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के प्रावधानों के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर कराया जा रहा है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 29 मई 2026 को प्रखंड सभागार, वारिसलीगंज में नगर परिषद, वारिसलीगंज हेतु सशक्त स्थायी समिति के तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण कार्यवाही विधि-सम्मत एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।



**निर्वाचन परिणाम निम्नवत् है**

सदस्य संख्या-01
1. स्वेतांक कुमार — प्राप्त मत : 07
2. रीता देवी — प्राप्त मत : 18 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-02
1. गिना देवी — प्राप्त मत : 06
2. राजा मांझी — प्राप्त मत : 19 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-03
विभा कुमारी (निर्विरोध निर्वाचित)

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

## एक नजर

### बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ ने की विद्यालय अध्यापकों का सेवा-पुस्त खोलने की मांग

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा विद्यालय अध्यापक के अंतर्गत टीआरई-01, टीआरई-02 & टीआरई-03 के माध्यम से प्राथमिक/ मध्य/ माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति हुई है। नियुक्ति के उपरांत सभी विद्यालय अध्यापकों का अवकाश, वेतन वृद्धि, अनुशासनिक कार्रवाई एवं अन्य सूचना का संधारण, ई-शिक्षाकोष/ एचआरएमएस के साथ-साथ मैन्युली (हस्तचालित रूप से) उनके सेवा-पुस्तिका में अंकित किया जाना होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अध्यापक के अंतर्गत नियुक्त टीआरई-01, टीआरई-02 & टीआरई-03 के माध्यम विद्यालय अध्यापकों का सेवा-पुस्त खोलने हेतु आदेश निर्गत किया जाय और कैंप लगाकर सेवा-पुस्त का संधारण किया जाय। मांग के वक्त जिला सचिव आलोक कुमार, जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद मिनहाज अंसारी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### वज्रपात से एक ही परिवार के तीन लोग जख्मी

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के ओड़ो गांव में शुक्रवार की सुबह में वज्रपात गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना में मंटू यादव (22 वर्ष) और उनकी पत्नी डॉली देवी (20 वर्ष) के अलावा उनकी मां कौशल्या देवी (65 वर्ष) जख्मी हालत में है बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह दोनों अपने घर के छत पर कमरे में बैठे हुए थे। तभी आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से पति-पत्नी और उनकी मां तीनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्वजन और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लाया गया। जहां अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया है। फिलहाल तीनों का इलाज नवादा के निजी अस्पताल में चल रहा है। अभी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर बिक्कू गांव में आकाशीय बिजली गिरने से गृहस्वामी के घर में इलेक्टानिक उपकरणों को क्षति पहुंची है, और महावीर ध्वजा ध्वस्त हो गया है।

### मौत की खबर मिलने पर संवेदना व्यक्त करने का सिलसिला जारी

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के ओड़ो पंचायत के पैक्स सह पूर्व मुखिया रीना देवी व उनके पति पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह का पौत्र अमन कुमार का राजगीर मेला में सुनामी झूला से गिरने से मौत हो गई थी। मृतक अमन कुमार पूर्व पंचायत समिति सह बिक्कू निवासी विपिन कुमार सिंह उर्फ सोनू कुमार पुत्र था। इस हादसे में अमन कुमार की मौत की खबर मिलने पर संवेदना व्यक्त करने वाले का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को सांगा न्याय सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल ने बिक्कू गांव पहुंच कर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह,धन्नजय कुमार, गोरेलाल सिंह ,बीरेन्द्र कुमार ,कन्हैया कुमार समेत अन्य लोग रहे। उसके बाद सांगा न्याय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया ने नारदीगंज बाजार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा नारदीगंज चौक पर सार्वजनिक शौचालय, यात्रिशेड और यूरिनल की व्यवस्था नहीं है। यह काफी दुःखद और चिंतनीय विषय है। इस स्थल पर मूलभूत सुविधाओं का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों भी इसके लिए दोषी हैं। कहा कि अगर इस स्थान पर अविलम्ब व्यवस्था नहीं होती है,तो गांव गांव जाकर जन आंदोलन चलाया जाएगा। यह जनहित का मुद्दा है।

### वज्रपात से महिला की मौत

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल पंचायत अंतर्गत बीझो गांव में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बीझो गांव निवासी सुलेखा देवी (36 वर्ष), पति शिवदानी यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुलेखा देवी गांव स्थित छठ घाट के पास अपने खेत में गोबर का मलवा फेंकने गई थी। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हो गया,जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्वजनों ने बताया कि मृतका अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र छोड़ गई है। वहीं उनके पति शिवदानी यादव चंडीगढ़ में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# आपदा पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ित परिवारों की हर संभव सहायता के लिए पूरी तरह कृतसंकल्पित है। सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा प्रभावित परिवारों का है और पीड़ितों को हर परिस्थिति में त्वरित राहत उपलब्ध कराई जाएगी। बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने छज्जू मोहल्ला निवासी मृतक मो. ज़ैद की आश्रित माता हेना प्रवीण को मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदत्त चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व स्कूल से लौटने के दौरान पानी में डूबने से मो. ज़ैद की मौत हो गई थी। इस मौके पर मंत्री ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि बेटे की असामयिक मृत्यु से हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार की यह आर्थिक सहायता परिवार को संबल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में



पीड़ित परिवार अकेला नहीं है, पूरी बिहार सरकार उनके साथ खड़ी है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा पीड़ित परिवारों से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि राहत राशि समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने परिवार को धैर्य रखने की सलाह देते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर कदम पर उनके साथ रहेगा। इस अवसर पर पूर्व उपमहापौर गुलरेज अंसारी, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, युगल किशोर मुखिया, विश्वास सिंह, संजय प्रसाद कुशवाहा, मंटू कुशवाहा, संजय राम, रंजीत सिंह, अमित यादव, मुन्ना पासवान, वीरू कुशवाहा, प्रमोद यादव, टुनटुन चंद्रवंशी, सकलदीप प्रसाद, इंदू चौहान, दिनेश साव, रविंद्र कुशवाहा, गुलशन कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले की हिसुआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह बिहार और उड़िसा में सक्रिय था तथा वाहन की डिक्की तोड़कर रुपये चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों के पास से नकद, मोबाइल, मोटरसाइकिल सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 20 मई 2026 को हिसुआ थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया शाखा, हिसुआ से एक व्यक्ति ने 3 लाख 10 हजार रुपये की निकासी की थी। पीड़ित व्यक्ति रुपये को वाहन की डिक्की में रखकर अपने कार्यालय जा रहा था। इसी दौरान गंगटेव पेट्रोल पंप के पास खड़ी मोटरसाइकिल की डिक्की खोलकर अज्ञात चोरों ने रुपये चोरी कर लिए थे। मामले को लेकर हिसुआ थाना कांड संख्या 268/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर लगातार छापेमारी की गई। अंततः 28 मई 2026 को पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों




को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में उड़िसा राज्य के गजपुर, भद्रक एवं कोरापुट जिलों के निवासी शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न जिलों में डिक्की तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनकी संलिप्तता पूर्व में दर्ज कुख्यात थाना कांड संख्या 84/26 में भी सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 53 हजार रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, दो पायल, वाहन का नंबर प्लेट, लकड़ी का गुलेल, एटीएम कार्ड, मास्टर चाबी, घटना के समय पहने गए कपड़े, ड्राइविंग लाइसेंस, पावर बैंक तथा चार से पांच आधार कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या 05/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 380944 REO (26-27)_D है, में कार्य समाप्ति की तिथि 09 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाय।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 381028 (REO)26-27*D

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एसईजे–आईपीएस–एसएसडीएसी–26, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई–एसईजे–आईपीएस–एसएसडीएसी–26 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत एसएसडीएसी इंस्टॉलेशन के लिए आईपीएस से अलग पावर सप्लाई का पृथक्करण। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 11,71,88,651.74, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 23,43,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 05.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 19.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-108/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

महिला थाना, शहर, पलामू काण्ड सख्या–35/24, दिनांक–14.09.2024, धारा–85/126(2)/ 115(2)/351(2)/79/3(5) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त सैफुल्लाह अंसारी पिता–समतुल्लाह अंसारी, सा0–भंगिया, पो0–केवला कला, थाना–बोधिबिगहा, जिला–गया, बिहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पलामू :– 9431706240
थाना प्रभारी, महिला थाना, शहर, पलामू :– 9264196936

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 381086 (Police)26-27*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, प्रमण्डलीय प्रबंधक,**
**लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा,**
**कचहरी रोड, फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा (झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि०)**
E-mail: dmgarhwa29@gmail.com Contact Number : 06561-222269

**आम नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, प्रकाष्ठ/जलावन आदि के विक्रेताओं – क्रेताओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा प्रकाष्ठ, जलावन आदि की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधि काल में संपर्क कर सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000/– रू0 (पाँच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना होगा।

| क्र0 | नीलामी स्थल / वनागार का नाम | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठ आदि की किस्में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतना वनागार | 10.06.2026 | पूर्वाहन् 11:30 बजे से 1:30 बजे अपराहन् तक। | विविध वन पदार्थ एवं जलावन आदि। |

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबंधक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.381069 Forest, Environment and Climate Changes(26-27):D

# दरभंगा में स्थापित होगी मखाना प्रोसेसिंग इकाई

## 27.44 करोड़ के निवेश से 300 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के पारंपरिक मखाना उद्योग को आधुनिक औद्योगिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र डोनार, दरभंगा में अत्याधुनिक मखाना प्रोसेसिंग एवं निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। 27.44 करोड़ की लागत से विकसित होने वाली यह परियोजना राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति प्रदान करेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस संबंध में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आइडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को आइए डोनार, दरभंगा में अत्याधुनिक मखाना प्रोसेसिंग एवं निर्माण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। यह परियोजना 2.20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जिसके माध्यम से राज्य में आधुनिक मखाना प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्तावित इकाई से लगभग 300 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है जिससे स्थानीय युवाओं एवं ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। यह परियोजना राज्य के मखाना उद्योग को आधुनिक तकनीक, बेहतर उत्पादन क्षमता एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता करेगी। साथ ही यह परियोजना किसानों, उद्यमियों एवं स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को भी सुदृढ़ करेगी। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा बिहार सरकार राज्य के पारंपरिक एवं कृषि आधारित उद्योगों को आधुनिक औद्योगिक ढांचे से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। 'मिथिला मखाना' को वर्ष 2022 में जीआइ टैग प्राप्त होना बिहार के लिए गर्व की बात है, जिससे राज्य के मखाना उत्पादकों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मखाना आधारित प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि किसानों को बेहतर बाजार और उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आइडा कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## एक नजर

### ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त की है। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि उन्हें पार्टी ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है जिसके लिए वे संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया सहित केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास और अपेक्षा के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को बिहार के हर गांव, पंचायत और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि वे पूरे बिहार में पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज को संगठित कर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद की अपेक्षा भी जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रमोद चंद्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

### नवगठित प्रदेश टीम विकसित भारत के संकल्प को करेगी साकार : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हुए संगठन विस्तार का स्वागत करते हुए नव नियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बिहार में लगातार मजबूत हो रही है। इसी क्रम में प्रदेश टीम की घोषणा की गई है जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। नवगठित प्रदेश टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का विशेष महत्व है। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई प्रदेश टीम संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा जनता के बीच पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### महादलित टोला में नाली नहीं बनने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड के हरिदासपुर टोला महुआडीह स्थित महादलित टोला में आज तक नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की गलियों में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश होते ही पूरा इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। कीचड़ और जलजमाव के बीच लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। घरों के आसपास पानी जमा रहने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार बाइक और साइकिल चालक भी फिसलकर गिर चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराने की मांग की है ताकि जलजमाव और कीचड़ की समस्या से राहत मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास योजनाओं की बात तो की जाती है, लेकिन महादलित टोला आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। लोगों ने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। आमस प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज राय ने कहा कि जल्द ही नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

### मैरेज हॉल का सील किया गया ताला टूटा मिला, की जाएगी कार्रवाई : सीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सेक्स रैकेट के आरोप में सील हुआ प्रकाश उत्सव मैरेज हॉल का सरकारी सील टूटा हुआ पाया गया। संचालक के भाई सत्य प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की दोपहर स्वजनों ने सूचना दी कि मैरेज हॉल का सील किया गया ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलते ही हॉल के समीप पहुंचा व गेट का ताला टूटा हुआ पाया। मामले की जानकारी तत्काल स्थानीय अनुमण्डल पदाधिकारी व सीओ को दूरभाष के माध्यम से दी गई। सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद भी कोई भी अधिकारी व कर्मी देर शाम तक देखने नहीं आया न ही पुनः सील की कार्रवाई की गई। जानकारी हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व टिकारी एसडीएम व एसडीपीओ की संयुक्त कार्रवाई में हॉल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था जिसके बाद प्रशासन द्वारा मैरेज हॉल को सील कर दिया गया था।

## 8 साल में 5413 युवाओं को मिला हुनर, अब रोजगार की राह हो रही आसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत वर्ष 2018 से अब तक 5 हजार 413 युवाओं ने विभिन्न आधुनिक ट्रेड्स में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। योजना का उद्देश्य ओबीसी और ईबीसी के युवा-युवतियों को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर एप्लीकेशन, ब्यूटी कल्चर, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी ऑपरेशन, वेल्डिंग, ड्राइविंग समेत कई उद्योग-उन्मुखी ट्रेड्स शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप का भी पूरा अवसर दिया जा रहा है जिससे वे प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सीधे रोजगार प्राप्त कर सकें। सरकार की इस पहल को युवाओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। योजना न केवल बेरोजगारी घटाने में मदद कर रही है, बल्कि समाज के पिछड़े तबके को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विभाग के अनुसार योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भविष्य में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने और नए ट्रेड्स शामिल किया जायेगा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया विधानसभा की विभिन्न समितियों का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा कृषि उद्योग विकास समिति का गठन कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63, कटिहार) को आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158, नाथनगर) को कृषि उद्योग विकास समिति का सभापति बनाया है। इसके साथ ही मंगल पांडे (क्षेत्र संख्या-105, सिवान) को प्राक्कलन समिति तथा कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120, अमनौर) को आचार समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी नव मनोनीत सभापतियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में समितियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन समिति उन प्राक्कलनों की जांच करती है जिन्हें सदन द्वारा उसे सौंपा जाता है या जो उसे उपयुक्त प्रतीत होते हैं। यह समिति प्रशासन में कार्यदक्षता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आचार समिति सदस्यों के आचरण से जुड़े मामलों की जांच करती है और यह सुनिश्चित करती है कि सदस्यों का व्यवहार नैतिकता और सदाचार के अनुरूप हो। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति राज्य के राजस्व प्राप्ति लक्ष्य की समीक्षा करती है तथा राजस्व बढ़ाने को लेकर सरकार को अनुशंसा देती है। यह समिति केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्र और राज्य के अंशदान की उपलब्धता की भी समीक्षा करती है।उन्होंने बताया कि कृषि उद्योग विकास समिति कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए अध्ययन कर सरकार को सुझाव देती है। सरकार को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने में इन समितियों की अहम भूमिका होती है।

**भूमि विवादों पर सरकार का बड़ा एक्शन, लंबित दाखिल-खारिज मामलों के लिए 15 दिन की डेडलाइन**

## जिलाधिकारी अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर कराएं निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में लंबित दाखिल-खारिज आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभागीय सचिव जय सिंह ने सभी समाहर्त्ताओं को पत्र जारी कर राज्यभर में डिफेक्ट चेक स्तर पर लंबित लगभग 3.10 लाख दाखिल-खारिज आवेदनों का अधिकतम 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अधिकारियों के सामूहिक अवकाश के कारण बड़ी संख्या में आवेदन स्क्रूटनी स्तर पर लंबित हो गए हैं। राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट-3 अंतर्गत ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इन मामलों का अविलंब निष्पादन आवश्यक है। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आम लोगों को छोटी-मोटी तकनीकी त्रुटियों के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना सरकार की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राजस्व कर्मचारियों को आवेदनों की स्क्रूटनी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करनी होगी तथा मामूली या तकनीकी कारणों से आवेदनों को अनावश्यक रूप से वापस नहीं किया जाएगा। सभी लंबित आवेदनों का डिफेक्ट चेक अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने एक नया प्रावधान लागू किया है जिसके तहत यदि कोई राजस्व कर्मचारी किसी आवेदन को त्रुटिपूर्ण करार देता है तो संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा उस त्रुटि की अनिवार्य जांच की जाएगी। यदि त्रुटि अनुचित पाई जाती है तो आवेदन सीधे आवेदक को वापस नहीं किया जाएगा, बल्कि संबंधित कर्मचारी को फिर से भेजा जाएगा ताकि आवेदन स्वीकार कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा इसकी दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। विभाग ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है।

## बापू के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाएगी कांग्रेस : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण शिविर 29, 30 एवं 31 मई तक चलेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीजेपी बापू की विचारधारा को खत्म करने का प्रयास कर रही है और देश में आरएसएस की विचारधारा को लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेसजन मिलकर बापू की विचारधारा को कभी मरने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बापू की विचारधारा से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। बापू के विचारों एवं सिद्धांतों को हम सभी को आत्मसात करना है। राजेश राम ने कहा कि सर्वोदय संकल्प शिविर को जिलों में भी आयोजित किया जाएगा तथा इसे गांव-गांव तक ले जाकर स्वदेशी चीजों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर सर्वोदय संकल्प शिविर के चेयरपर्सन एवं पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी नेता प्रेमचंद सिंह ने किया।

## वैशाली के शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवा रत्न सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संचालक एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवा रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान जीवरण फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. आनंद रंजन झा को यह सम्मान युवाओं को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख कौशल विकास से जोड़ने के लिए किए जा रहे उनके निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने हजारों छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व, प्रेरणा एवं जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, डिजिटल जागरूकता एवं कौशल विकास से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. आनंद रंजन झा को बधाई देते हुए इसे वैशाली जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## भाजपा प्रदेश इकाई का पुनर्गठन, प्रमोद चंद्रवंशी बने ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का पुनर्गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नई प्रदेश टीम में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कमेटी में 14 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें बछौल के पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर, औरंगाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, राकेश कुमार, संतोष पाठक, मनोज कुमार सिंह, अनामिका पासवान, शोभा सिंह, पवन जायसवाल, पूर्व विधायक प्रणव कुमार यादव, संतोष रंजन राय, नंद प्रसाद चौहान, अनिल ठाकुर, शीला कुशवाहा और बलराम मंडल शामिल हैं। प्रदेश संगठन में पांच प्रदेश महामंत्रियों की भी नियुक्ति की गई है। इनमें सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक और राजेश झा को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मंत्री पद पर सुषमा साहू, जन्मेजय कुमार सिंह, रागिनी रानी, कुमार राघवेंद्र, प्रभाकर मिश्रा सहित 14 नेताओं को स्थान दिया गया है। नई कमेटी में औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजेश सिंह और अंकुर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अक्षय कुमार को प्रदेश मुख्यालय प्रभारी तथा विनय केसरी को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में नई प्रदेश टीम का गठन किया गया है। संगठन में अनुभवी नेताओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई है। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई कि नई टीम संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। साथ ही आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने में नई कमेटी अहम जिम्मेदारी निभाएगी।

## प्रशिक्षित विद्यार्थी बिहार विद्यापीठ के 'एम्बेसडर' बनकर समाज में जाएंगे : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष (2025-27) के शिक्षार्थियों द्वारा डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष (2024-26) के शिक्षार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण फेयरवेल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, आत्मीयता एवं सांस्कृतिक सौहार्द का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। समारोह का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी विजय प्रकाश ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विदाई केवल विद्यार्थियों के महाविद्यालय से प्रस्थान का अवसर नहीं, बल्कि समाज में एक शिक्षित, संस्कारित एवं जागरूक नागरिक के रूप में उनकी नई यात्रा का प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि आउटगोइंग विद्यार्थी बिहार विद्यापीठ के 'एम्बेसडर' के रूप में समाज में जाएंगे तथा उनसे अपेक्षा है कि वे एक उत्कृष्ट एवं मानवीय शिक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विद्यार्थी अब महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिवार का हिस्सा बनेंगे तथा प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस समारोह में सहभागिता कर संस्थान से अपने संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर निदेशिका शिक्षा डॉ. मृदुला प्रकाश ने अपने संबोधन में फेयरवेल एवं फ्रेशर पार्टी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि फेयरवेल पार्टी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा होती है जिसका उद्देश्य वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई देना, उनके योगदान को स्मरण करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना होता है। उन्होंने कहा कि यह समारोह गुरु-शिष्य परंपरा एवं संस्थागत संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि फ्रेशर पार्टी नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत का उत्सव है जिसका उद्देश्य उन्हें संस्थान के वातावरण, परंपराओं, शैक्षणिक संस्कृति एवं सहपाठियों से परिचित कराना होता है।

## धनराज शर्मा के प्रदेश महामंत्री बनने पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संगठन के समर्पित कार्यकर्ता धनराज शर्मा को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि धनराज शर्मा एक कुशल संगठनकर्ता, कर्मठ कार्यकर्ता एवं अनुभवी नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने लंबे समय तक संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनके संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण का लाभ भाजपा को प्रदेश स्तर पर अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी समय में भी धनराज शर्मा की रणनीतिक क्षमता, कार्यकर्ताओं के साथ उनका सतत संवाद तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की कार्यशैली हमेशा पार्टी के लिए लाभकारी रही है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक योग्य, अनुभवी एवं जमीनी नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि धनराज शर्मा अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। प्रदेश महामंत्री के रूप में धनराज शर्मा का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करेगा।

## गया नगर निगम सशक्त स्थायी समिति में पुराने चेहरों का दबदबा, दो नए सदस्यों की एंट्री

**अगले छह महीनों के अंदर शहर में व्यापक दिखाई देंगे विकास कार्य : मोहन श्रीवास्तव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नगर निगम सशक्त स्थायी समिति के सात सदस्यों के चयन को लेकर हुए चुनाव में पांच पुराने और दो नए सदस्यों ने जीत दर्ज की है। इस रोमांचक और प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव समेत पांच पुराने सदस्यों ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। वहीं दो नए चेहरों ने भी समिति में जगह बनाकर सबका ध्यान खींचा। चुनाव में विजयी उम्मीदवारों में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, विनोद प्रसाद यादव, चुन्नू खान, तबस्सुम परवीन और मनोज कुमार शामिल हैं जिन्होंने दोबारा जीत हासिल की। वहीं सारिका वर्मा और उपेंद्र कुमार पहली बार समिति के सदस्य चुने गए। वहीं समिति के पुराने सदस्य वार्ड संख्या 1 की स्वर्णलता वर्मा इस बार चुनाव हार गईं। नगर निगम की इस अहम समिति की सात सीटों के लिए कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक हलचल तेज थी। पार्षदों के बीच संख्या बल और गुटीय समीकरण को लेकर लगातार जोड़तोड़ चल रही थी। चुनाव को सत्ता पक्ष की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था जिसके कारण मुकाबला बेहद दिलचस्प बना रहा। मतगणना पूरी होने और परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विजयी सदस्य जैसे ही बाहर निकले, समर्थकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने सभी विजयी सदस्यों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में निर्वाचित सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि अगले छह महीनों के अंदर शहर में व्यापक विकास कार्य दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधुनिक प्रदूषण मुक्त टावर लगाए जाएंगे।

## आंती बाजार में सीमेंट लदा हाइवा नाली में फंसा, घंटों बाधित रहा आवागमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** ददरेजी-रफीगंज मुख्य पथ पर स्थित आंती बाजार के पोस्ट ऑफिस के समीप गुरुवार की रात करीब 11 बजे सीमेंट लदा एक हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में फंस गया। हादसे में हाइवा के बाएं तरफ के दो-तीन चक्के नाली में उतर गए, जिससे मुख्य मार्ग पर घंटों आवागमन बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा रफीगंज की ओर से आ रही थी और ददरेजी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान आंती बाजार के समीप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक नाली में जा फंसा। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति ऐसी हो गई कि बाइक सवारों को भी रास्ता पार करने में काफी परेशानी हुई।

## संपादकीय

### काफी समृद्ध रहा है देश में हिंदी पत्रकारिता का इतिहास

हिंदी पत्रकारिता भारत के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह न केवल सूचना का माध्यम बनी, बल्कि राष्ट्र जागरण और स्वतंत्रता संग्राम का एक शक्तिशाली हथियार भी साबित हुई। आज हिंदी समाचार-पत्रों का विशाल साम्राज्य है, लेकिन इसकी नींव 19वीं शताब्दी में पड़ी थी। हिंदी में प्रकाशित पहला समाचार-पत्र उदंत मार्तंड था, जिसका प्रकाशन 30 मई 1826 को कलकत्ता से पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने शुरू किया। यह साप्ताहिक पत्र था। हालांकि यह अधिक समय तक नहीं चल सका, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता की नींव रख दी। इसके बाद बंगदूत (1829) और अन्य प्रयास हुए। 19वीं शताब्दी के मध्य में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने हिंदी पत्रकारिता को नई दिशा दी। उन्होंने कवि वचन सुधा (1868) और हरिश्चंद्र मैगजीन जैसे पत्रों के माध्यम से साहित्य, समाज सुधार और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया। भारतेन्दु युग को हिंदी पत्रकारिता का स्वर्ण युग कहा जाता है। उत्तर भारत में आज (1920, बनारस), विशाल भारत, प्रताप (1913, कानपुर) जैसे पत्र उभरे। महात्मा गांधी के प्रभाव से नवजीवन (गुजराती के साथ हिंदी संस्करण) और अन्य पत्रों ने स्वाधीनता आंदोलन को गति दी। 1920 के दशक में हिंदुस्तान (1932) का प्रकाशन शुरू हुआ, जो बाद में देश का प्रमुख दैनिक बना। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान त्याग भूमि, संग्राम और वीर अर्जुन जैसे पत्रों ने ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कई पत्रकारों को जेल हुई, पर उन्होंने लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया। स्वतंत्रता के बाद हिंदी पत्रकारिता ने व्यावसायिक रूप लेना शुरू किया। दैनिक जगरण (1942 में शुरू, लेकिन स्वतंत्रता के बाद विस्तार), दैनिक भास्कर, अमर उजाला, राजस्थान पत्रिका और हिंदुस्तान ने बड़े पैमाने पर विस्तार किया। 1980-90 के दशक में मुद्रण प्रौद्योगिकी के विकास और कंप्यूटराइजेशन ने हिंदी समाचार-पत्रों को नई ऊंचाई दी। दूरदर्शन और निजी चैनलों के आने से पहले तक प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। 21वीं शताब्दी में डिजिटल क्रांति ने हिंदी पत्रकारिता को पूरी तरह बदल दिया। हिंदुस्तान दैनिक भास्कर, जगरण, आज तक, एबीपी न्यूज और न्यूज18 जैसे समाचार चैनलों ने हिंदी को वैश्विक मंच दिया। सोशल मीडिया और वेब पोर्टल्स ने युवा पाठकों को जोड़ा। आज हिंदी मीडिया न केवल ग्रामीण भारत बल्कि शहरी मध्यम वर्ग की आवाज भी बन चुका है। हिंदी पत्रकारिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि इसने साक्षरता दर बढ़ाने, लोकतंत्र को मजबूत करने और क्षेत्रीय भाषाओं के बीच पुल का काम किया। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं—फ़ेक न्यूज, सनसनीखेज रिपोर्टिंग, राजनीतिक दबाव और डिजिटल ट्रैफिक की दौड़। फिर भी, हिंदी पत्रकारिता अपनी जड़ों से जुड़ी हुई है। हिंदी पत्रकारिता मात्र समाचार देने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उत्प्रेरक रही है। भारतेन्दु से लेकर आज के डिजिटल युग तक यह यात्रा प्रेरणादायक है। भविष्य में विश्वसनीयता, नैतिकता और गहन विश्लेषण को बनाए रखते हुए हिंदी पत्रकारिता निश्चित रूप से और आगे बढ़ेगी।

# हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष : संघर्ष, चेतना और जनसरोकारों की गौरवगाथा



प्रेम कुमार

30 मई भारतीय पत्रकारिता के इतिहास का वह स्वर्णिम दिन है, जब देश में हिन्दी पत्रकारिता की पहली किरण फूटी थी। वर्ष 1826 में 30 मई के दिन पंडित युगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन शुरू किया। इसी ऐतिहासिक घटना की स्मृति में हर वर्ष 30 मई को 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 2026 हिन्दी पत्रकारिता के लिए अत्यंत विशेष है क्योंकि इस वर्ष हिन्दी पत्रकारिता अपने गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरे कर रही है। यह केवल एक भाषा या समाचार माध्यम की यात्रा नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक चेतना, स्वतंत्रता संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनआकांक्षाओं की दो शताब्दियों की जीवंत कहानी है।

30 मई 1826 को जब 'उदन्त मार्तण्ड' का पहला अंक प्रकाशित हुआ, तब भारत अंग्रेजी शासन के अधीन था। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बंगला भाषाओं में समाचार पत्र निकल रहे थे, लेकिन हिन्दी भाषी समाज के पास अपनी भाषा में कोई समाचार माध्यम नहीं था। पंडित युगल किशोर शुक्ल ने इस कमी को महसूस किया और हिन्दीभाषियों की आवाज बनने का संकल्प लिया।

'उदन्त मार्तण्ड' का अर्थ होता है – 'समाचार सूर्य'। यह साप्ताहिक पत्र था और इसकी भाषा खड़ी बोली तथा ब्रजभाषा मिश्रित हिन्दी थी। संसाधनों की कमी, सरकारी उपेक्षा और आर्थिक कठिनाइयों के कारण यह पत्र अधिक समय तक नहीं चल पाया, लेकिन उसने हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी, जिस पर आने वाले दो सौ वर्षों का विशाल भवन खड़ा हुआ।

हिन्दी पत्रकारिता का इतिहास केवल खबरों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का भी सशक्त अध्याय है। अंग्रेजी शासन के दौरान समाचार पत्रों ने जनता को जागरूक करने, राष्ट्रीय चेतना जगाने और स्वतंत्रता की अलख फैलाने में बड़ी भूमिका निभाई। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने हिन्दी पत्रकारिता को नई दिशा दी। उन्होंने अपने लेखन और पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से सामाजिक सुधार, राष्ट्रीयता और भारतीय संस्कृति को मजबूत किया। इसके बाद गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबूराव विष्णु पराड़कर, महावीर प्रसाद द्विवेदी और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे पत्रकारों ने पत्रकारिता को जनांदोलन का स्वर बना दिया। गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा प्रकाशित 'प्रताप' समाचार पत्र ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। बाबूराव विष्णु पराड़कर ने 'आज' अखबार के माध्यम से राष्ट्रवाद को मजबूती दी। माखनलाल चतुर्वेदी ने अपने लेखों और कविताओं से युवाओं में देशभक्ति का जज्बा जगाया। उस दौर में पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम थी।

हिन्दी पत्रकारिता ने समाज में फैली कुरीतियों, जातिवाद, अशिक्षा, बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं के शोषण के खिलाफ भी आवाज उठाई। पत्रकारों ने समाज सुधारकों की भूमिका निभाई और आम लोगों को जागरूक किया।

महात्मा गांधी ने भी पत्रकारिता को समाज परिवर्तन का महत्वपूर्ण साधन माना। यद्यपि गांधीजी ने मुख्य रूप से गुजराती और अंग्रेजी में लेखन किया, लेकिन उनके विचारों को हिन्दी पत्रकारिता ने व्यापक जनसमूह तक पहुंचाया। हिन्दी अखबारों ने ग्रामीण भारत की समस्याओं को सामने लाकर जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य किया। वर्ष 1947 में देश स्वतंत्र हुआ तो पत्रकारिता की जिम्मेदारियां भी बदल गईं। अब चुनौती थी राष्ट्र निर्माण की। हिन्दी समाचार पत्रों ने शिक्षा, विकास, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। आजादी के बाद हिन्दी पत्रकारिता तेजी से विस्तार करने लगी। गांव-गांव तक अखबार पहुंचने लगे। नई तकनीकों के आगमन से समाचारों का प्रसार आसान हुआ। 'नवभारत टाइम्स', 'दैनिक जागरण', 'हिन्दुस्तान', 'पंजाब केसरी', 'राजस्थान पत्रिका', 'प्रभात खबर' और 'अमर उजाला' जैसे समाचार पत्रों ने हिन्दी पत्रकारिता को जन-जन तक पहुंचाया। रेडियो और बाद में दूरदर्शन ने हिन्दी पत्रकारिता को नई पहचान दी। समाचार केवल पढ़े नहीं, बल्कि सुने और देखे जाने लगे। इससे पत्रकारिता का प्रभाव और अधिक व्यापक हुआ।

1990 के दशक में निजी समाचार चैनलों का दौर शुरू हुआ। हिन्दी न्यूज चैनलों ने खबरों को तेज, आकर्षक और तात्कालिक बना दिया। आजतक, जी न्यूज, एबीपी न्यूज, न्यूज18 इंडिया और इंडिया टीवी जैसे चैनलों ने हिन्दी पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हालांकि इस दौर में पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां भी आईं। टीआरपी की होड़, सनसनीखेज खबरें और बाजारवाद ने पत्रकारिता की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। कई बार खबरों की जगह मनोरंजन और बहसों ने ले ली। इसके बावजूद अनेक पत्रकार और संस्थान आज भी निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। 21वीं सदी में इंटरनेट और सोशल मीडिया ने पत्रकारिता का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया। अब खबरें मोबाइल फोन पर कुछ सेकंड में पहुंच जाती हैं। वेबसाइट, यूट्यूब चैनल, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पत्रकारिता के नए माध्यम बन गए हैं। डिजिटल मीडिया ने हिन्दी पत्रकारिता को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। अब छोटे शहरों और गांवों की खबरें भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रही हैं। नागरिक पत्रकारिता का भी उदय हुआ है जहां आम लोग भी घटनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं। लेकिन डिजिटल युग में फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं की समस्या भी गंभीर हुई है। ऐसे समय में पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे तथ्यों की जांच कर सत्य और विश्वसनीय जानकारी जनता तक पहुंचाएं। हिन्दी पत्रकारिता की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनसरोकारों से जुड़ाव है। हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इसलिए हिन्दी पत्रकारिता सीधे आम जनता के दिल और जीवन से जुड़ी हुई है। ग्रामीण भारत, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को हिन्दी पत्रकारिता ने हमेशा प्रमुखता दी है। यही कारण है कि हिन्दी समाचार पत्र और चैनल आज भी करोड़ों लोगों के विश्वास का केंद्र बने हुए हैं।

दो सौ वर्षों की यात्रा में हिन्दी पत्रकारिता ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कभी यह स्वतंत्रता आंदोलन की मशाल बनी तो कभी सत्ता से सवाल पूछने का साहसिक माध्यम। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य हमेशा सत्य, निष्पक्षता और जनहित रहा है। आज आवश्यकता है कि पत्रकारिता अपने मूल मूल्यों को बनाए रखे। खबरों की सत्यता, भाषा की मर्यादा और समाज के प्रति जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसकी विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है।

आज बड़ी संख्या में युवा पत्रकारिता के क्षेत्र में आ रहे हैं। डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया ने उन्हें नए अवसर दिए हैं। नई पीढ़ी के पत्रकार यदि तकनीक के साथ-साथ पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को समझें, तो हिन्दी पत्रकारिता का भविष्य और भी उज्ज्वल हो सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ), डेटा जर्नलिज्म और मोबाइल पत्रकारिता जैसे नए आयाम पत्रकारिता को बदल रहे हैं। भविष्य की पत्रकारिता अधिक तेज, तकनीकी और इंटरैक्टिव होगी, लेकिन उसकी आत्मा वही रहेगी,जनता की आवाज बनना। हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि नहीं, बल्कि लोकतंत्र, भाषा और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरक यात्रा है। 'उदन्त मार्तण्ड' से शुरू हुआ यह सफर आज डिजिटल मीडिया और वैश्विक मंच तक पहुंच चुका है। इन दो शताब्दियों में हिन्दी पत्रकारिता ने देश को जागरूक किया, स्वतंत्रता आंदोलन को बल दिया, सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया और लोकतंत्र को मजबूत बनाया।आज जब हिन्दी पत्रकारिता अपने 200 वर्ष पूरे कर रही है, तब यह अवसर केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी है। हमें यह संकल्प लेना होगा कि पत्रकारिता को सत्य, निष्पक्षता और जनहित के मूल्यों से कभी दूर नहीं होने देंगे।30 मई का दिन हमें यह याद दिलाता है कि कलम की ताकत किसी भी सत्ता से बड़ी हो सकती है। हिन्दी पत्रकारिता की यह 200 वर्षों की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।

# हिंदी पत्रकारिता : मिशन, बाजार और साख का संकट



❒ अभिषेक दास

युगप्रवर्तक पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा 30 मई 1826 को कलकत्ता (कोलकाता) से प्रकाशित 'उदंत मार्तण्ड' के साथ शुरू हुआ हिंदी पत्रकारिता का सफर अपने शानदार 200 वर्ष पूरे कर चुका है। दो शताब्दियों की इस ऐतिहासिक यात्रा में हिंदी पत्रकारिता ने औपनिवेशिक दासता के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम की चेतना जगाने से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक में एक युगांतकारी भूमिका निभाई है। किंतु, अपने द्विशताब्दी वर्ष में खड़ी आज की हिंदी पत्रकारिता के समक्ष तकनीकी, आर्थिक और वैचारिक स्तर पर कई अभूतपूर्व चुनौतियां भी हैं। ये चुनौतियां मूलतः पत्रकारिता के शाश्वत सिद्धांतों से विचलित होने के कारण उत्पन्न हुई हैं। यदि स्थापित मूल्यों को आत्मसात करते हुए पत्रकारिता 'मिशन' से 'प्रोफेशन' की ओर बढ़ती तो संभवतः संकट इतना गहरा न होता क्योंकि एक स्वस्थ व्यवसाय में भी मर्यादा और व्यावसायिक नैतिकता का स्थान सुरक्षित रहता है। किंतु जैसे ही हम तय मानकों को लांघकर केवल लाभ-केंद्रित होते हैं, विश्वसनीयता का संकट खड़ा होने लगता है। आज का मीडिया स्वामित्व के एकाधिकार, संस्थागत भ्रष्टाचार, पत्रकारों के आर्थिक-वैचारिक शोषण, स्वाभिमान की रक्षा और 'भारतीय भाव' के तिरोभाव जैसे गंभीर प्रश्नों से जूझ रहा है। इन सबने मिलकर मीडिया की साख पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

**बाजारवाद, पूंजी का खेल और 'पेड न्यूज' का संकट**

यह विडंबना पूंजीवादी व्यवस्था के उस सामान्य फलसफे से उपजी है जहां बड़े लाभ के लिए बड़ी पूंजी का निवेश किया जाता है। आज के दौर में समाचार-पत्र या न्यूज चैनल का संचालन अत्यधिक खर्चीला है, जिसने मीडिया को पूरी तरह 'पूंजी का खेल' बना दिया है। भारतेंदु युग, द्विवेदी युग और स्वतंत्रता आंदोलन के समय पत्रकारिता में अर्थ (पैसा) महज़ एक 'बाय-प्रोडक्ट' था जिसका उद्देश्य मिशन को जीवित रखना था। किंतु, उदारीकरण के बाद इस 'बाय-प्रोडक्ट' को ही मुख्य उत्पाद बना दिया गया। अधिक से अधिक धन अर्जित करने की इस अंधी दौड़ में धन्नासेठों ने समाचारों का ही व्यवसायीकरण कर दिया। परिणामतः जो भ्रष्टाचार कभी यदा-कदा दिखता था उसने अब संस्थागत रूप ले लिया है। वर्ष 2009 के आम चुनावों के आस-पास मुखर हुआ 'पेड न्यूज' का कलंक इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। स्थिति यह बनी कि देश के नामी-गिरामी समाचार-पत्रों को अपनी साख बचाने के लिए स्पष्टीकरण देने पड़े। आज भी जब संपादक गर्व से दावा करते हैं कि उनके यहां पेड न्यूज की शिकायत नहीं आई तो यह आत्ममुग्धता रेखांकित करती है कि संकट कितना गहरा है। यदि मालिकों के आर्थिक स्वार्थ समाज-हितैषी पत्रकारिता पर हावी न होते तो आत्मरक्षा की यह नौबत ही न आती।

**वैचारिक ध्रुवीकरण: निष्पक्षता बनाम पक्षधरता**

इस वैचारिक संकट के लिए केवल मीडिया मालिक ही दोषी नहीं हैं, बल्कि पत्रकारों का एक वर्ग भी अपनी भूमिका से भटका है। आज न्यूज-रूम से लेकर ऑन-स्क्रीन तक, कई पत्रकार राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रवक्ताओं की भांति व्यवहार करते दिखते हैं। वैचारिक प्रतिबद्धता इस कदर हावी है कि विभिन्न बीट कवर करने वाले पत्रकार अपनी पसंदीदा राजनीतिक विचारधारा के पक्ष में तर्क गढ़ने के लिए आपस में ही भिड़ जाते हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार देखा जा रहा है जब आम समाज खुलेआम यह चर्चा कर रहा है कि अमुक चैनल या अखबार 'दक्षिणपंथी' है, अमुक 'वामपंथी' है या अमुक किसी विशिष्ट दल का भोंपू है। जनमानस में उपजी यह धारणा पत्रकारिता की मूल आत्मा के लिए घातक है जब कोई माध्यम किसी विशिष्ट विचारधारा का लेबल ओढ़ लेता है तो वह कितना ही प्रामाणिक सत्य क्यों न परोसे, पाठक या दर्शक उसे सदैव संदेह और पूर्वाग्रह की दृष्टि से ही देखेगा। समाचार माध्यमों को न तो सत्ता या किसी विचार का अंधभक्त होना चाहिए और न ही अंध-विरोधी। यह सच है कि पूर्ण तटस्थता एक आदर्शवादी सिद्धांत है और मानव होने के नाते पूर्णतः निष्पक्ष रहना कठिन है। परंतु, भारत में पत्रकारिता का जो सुदीर्घ स्वर्णिम इतिहास रहा है, वह गवाह है कि पत्रकारिता किसी दल विशेष की पिछलग्गू नहीं रही। कलम का जनपक्षधर होना ही उसकी सार्थकता है। यदि कोई पत्रकार निष्पक्ष नहीं भी रह पाता, तो भी हमारी पक्षधरता 'राष्ट्र और समाज' के प्रति होनी चाहिए, न कि किसी राजनैतिक सत्ता के प्रति। वैचारिक मतभेदों के बीच भी राष्ट्र की अस्मिता, स्वाभिमान, संप्रभुता और सुरक्षा सर्वोपरि रहनी चाहिए। यदि आज की पत्रकारिता में पुनः 'राष्ट्र सर्वोपरि' का भाव जागृत हो जाए तो इसके समक्ष खड़ी अधिकांश चुनौतियां स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

**टीआरपी, इंफोटेनमेंट और अति-सरलीकरण का जाल**

निजी मीडिया चैनलों की सफलता आज जन-सरोकारों से नहीं, बल्कि 'दर्शक रेटिंग' (टीआरपी) से तय होती है। बाजार को इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि परोसी जा रही सामग्री से समाज कितना जागरूक हो रहा है उसे केवल संख्या बल से मतलब है। दर्शकों की संख्या बढ़ाने की इस आपाधापी में खबरों की गुणवत्ता हाशिए पर चली गई है। 'मीडिया फ्रीडम' नामक पुस्तक के अनुसार 80 के दशक के उत्तरार्ध में सूचना और मनोरंजन के इस घालमेल को 'इंफोटेनमेंट' का नाम दिया गया। खेल की सनसनीखेज खबरें, राजनीतिक उठा-पटक का लाइव रोमांच और युद्धों का स्टूडियो से डरावना कवरेज अब मनोरंजन की वस्तु बन चुके हैं। इसके साथ ही, दर्शकों को आकर्षित करने के लिए मीडिया खबरों के 'अति-सरलीकरण' के रोग से ग्रसित है। मीडिया विश्लेषक कैथलीन हॉल जेमीसन अपनी पुस्तक 'द इंटरप्ले ऑफ इन्फ्लुएंस' में लिखती हैं कि टीवी न्यूज की खबरों को अक्सर पांच संकीर्ण श्रेणियों में समेट दिया जाता है- दिखावा बनाम हकीकत, छोटा आदमी बनाम बड़ा आदमी, अच्छाई बनाम बुराई, दक्षता बनाम अक्षमता और अद्भुत बनाम साधारण। दुनिया की हर जटिल समस्या को श्वेत-श्याम के इस कृत्रिम ढांचे में फिट करना समाज की तार्किक सोच को कुंद कर देता है। यह दरअसल एक व्यावसायिक रणनीति है, ताकि खबरों को बाजार में आसानी से 'बेचा' जा सके। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में जब गंभीर सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को 'दिलचस्प और मसालेदार' खबरों की होड़ में नजरअंदाज किया जाता है, तो यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की विफलता है।

**खबरों का मूल्य-वर्धन और संतुलन**

खबरों को सनसनीखेज बनाने के बजाय उन्हें रचनात्मक रूप से रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि संसद की बहस दिखाते समय सांसदों के कामकाज का पुराना लेखा-जोखा और उनके पूर्व के बयानों का संदर्भ भी दिया जाए, तो इसे 'वैल्यू एडिशन' कहा जाएगा।

**(लेखक आकाशवाणी के संपादकीय विभाग से जुड़े हैं)**

## हिन्दी पत्रकारिता यानि तीन सदी की जनसंचारीय यात्रा



❒ हरेन्द्र प्रताप सिंह

वर्ष 2026 की इस मई में हिन्दी पत्रकारिता ने दो सौ साल पूरे कर लिये। इस अवधि में हिन्दी पत्रकारिता ने तीन सदी की अपनी यात्रा पूरी की। पत्रकारिता से वह मीडिया बन गई। इस दौरान पूरी दुनिया बदल गई। पत्रकारिता का बदलना भी स्वाभाविक है। साप्ताहिक हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड (1826) से लेकर दैनिक द्विभाषी हिन्दी अखबार समाचार सुधावर्षण (1854 ) तक के युग ने प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन (1857) की राष्ट्रीय नींव तैयार की और बहादुर शाह जफर को फिर से हिन्दुस्तान का बादशाह बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई। भाषाई समाचार पत्र पयाम-ए-आजादी ने न सिर्फ अपनी पत्रकारिता से आजादी की चिंगारी को भड़काया बल्कि अपने नाम के अनुरूप ब्रिटिश हुकूमत को भारत की आजादी को स्वीकार करने का स्पष्ट संदेश भी दिया। अंग्रेजों ने इस सांकेतिक भाषा को समझ लिया और अगले नब्बे साल भारत से शांति से निकलने के लिए मार्ग तलाशने में लगाये। इस दौरान अंग्रेजों ने अनेक भारतीय मार्गदर्शक भी ढूंढने शुरू किये जो उन्हें सुरक्षित निकालने में सहयोग कर सकें। हिन्दी पत्रकारिता में 1857 के बाद भारतेन्दु हरिश्चन्द्र तक का समय हिन्दी भाषा के विकास तथा वैचारिक पत्रकारिता का युग है। स्वतंत्रता आंदोलन के अंतिम चरण यानि 1947 तक पहुंचते - पहुंचते हिन्दी पत्रकारिता ने राष्ट्रीय आकार धारण कर लिया और इसमें बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना आजाद, गणेश शंकर विद्यार्थी, भगत सिंह, श्रीप्रकाश, माखनलाल चतुर्वेदी, बालमुकुंद गुप्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, रामवृक्ष बेनीपुरी, यशपाल, बाबू विष्णु राव पराड़कर जैसे विचारक पत्रकारों तथा क्रांतिकारी पत्रकारों ने अग्रणी भूमिका निभाई। भारत बीसवीं सदी में समय से कुछ पहले ही आजाद हो गया। लेकिन इसकी बड़ी कीमत भारत को विभाजित होकर चुकानी पड़ी। अंग्रेज भारत के अनेक टुकड़े करने में सफल रहे। सबसे बड़ा झटका था भगत सिंह को फांसी और सुभाष चन्द्र बोस का अचानक वायुयान दुर्घटना में गायब हो जाना। उससे भी बड़ा झटका था देशी नेताओं में सत्ता को लेकर आंतरिक राजनीति और महात्मा गांधी को राजनीतिक रूप से महत्वहीन बना देना। इसलिए 1826 से लेकर 1947 तक की लगभग सवा सौ साल की हिन्दी पत्रकारिता सबसे चुनौतीपूर्ण रही और उसने पत्रकारिता को मिशन के रूप में व्यापक विस्तार दिया और उसी का परिणाम था कि स्वतंत्र संवैधानिक भारत में हिन्दी देश की आधिकारिक राजभाषा बनने में सफल रही। हिन्दी और देश को इस मुकाम तक लाने में हिन्दी के छोटे समाचार पत्र, पत्रिका, रेडियो, आकाशवाणी तथा फिल्म एवं साहित्य से जुड़ी हस्तियों का विशेष योगदान रहा। इस युग में पूर्णकालिक पत्रकार तथा अल्पकालिक पत्रकार दोनों ने मिलकर मिशन की भावना से काम किया। इसमें कोई शक नहीं कि युवा पत्रकारों ने आजादी की लड़ाई में प्रथम पंक्ति से योगदान दिया।

लेखक देश के वरिष्ठ पत्रकार हैं और लगभग आधी सदी से मीडिया में सक्रिय हैं।

# खबर से एजेंडा तक : जब हिंदी पत्रकारिता ने बदली अपनी राह

संजय कुमार, वरिष्ठ लेखक



मीडिया यानी चौथे स्तंभ की तस्वीर आज बदल चुकी है। मीडिया की पूरी दुनिया सतरंगी हो चुकी है। प्रिंट से इलेक्ट्रोनिक फिर न्यू या सोशल मीडिया और अब एआई ने बदलाव चरम पर पहुंचा तो दिया है। इसके बावजूद मूल पत्रकारिता कहीं न कहीं जीवंत है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता कभी एक 'मिशन' हुआ करता था। गणेश शंकर विद्यार्थी का 'प्रताप', बाबूराव विष्णु पराड़कर का 'आज' और प्रभाष जोशी का 'जनसत्ता' जैसे अखबारों की स्याही में सिर्फ खबर नहीं, जनचेतना की आवाज़ थी। पत्रकारिता का उद्देश्य था सरकार या सत्ता की बात को जनता तक पहुंचाना, साथ ही उनसे जनता के सवाल करना, समाज को सच दिखाना और नागरिक को जागरूक बनाना। लेकिन आज जब हम हिंदी पत्रकारिता की ओर देखते हैं तो तस्वीर बदल चुकी दिखाई देती है। खबर अब सिर्फ सूचना नहीं रही। वह विचार, प्रचार और एजेंडा का माध्यम बनती जा रही है। टीवी स्टूडियो की चीखती बहसें, यूट्यूब के सनसनीखेज थंबनेल और अखबारों की 'प्लांटेड' खबरें सब मिलकर यह तय करने लगे हैं कि जनता क्या सोच रही है ।

सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि पत्रकारिता बदली और दिनों दिन बदल रही है। प्रश्न यह है कि वह बदली कैसे, और इसकी सबसे बड़ी कीमत कौन चुका रहा है? जवाब साफ है आम लोग। आजादी से पहले हिंदी पत्रकारिता का सीधा लक्ष्य था 'स्वराज'। आजादी के बाद उसका उद्देश्य बना 'राष्ट्र निर्माण'। 1975 में लगी इमरजेंसी में हिंदी पत्रकारिता ने सेंसरशिप के बावजूद प्रतिरोध की मिसाल पेश की थी। विरोधी स्वर से पत्रकारिता लबरेज रही। दिल्ली से प्रकाशित जनसत्ता के खाली संपादकीय पन्ने आज भी उस दौर के साहस और सत्ता से लड़ते रहने की गवाही देते हैं। लेकिन 1990 का दशक निर्णायक मोड़ साबित हुआ। उदारीकरण आया, विज्ञापन बाजार फैला और निजी टीवी चैनलों का दौर शुरू हुआ। खबर 24X7 से तस्वीर बदल गई। कहा जाने लगा कि प्रिंट मीडिया ख़त्म हो जायेगा । लेकिन प्रिंट जिन्दा है । 'सबसे तेज' की होड़ ने पत्रकारिता को सूचना से अधिक प्रदर्शन बना दिया। खबरें बिकने लगी। आरोप लगने लगे। धीरे-धीरे संपादक की जगह मार्केटिंग और मालिकाना हित निर्णायक होने लगे। पत्र और पत्रकारिता पर बाजार हावी हुआ और व्यवसाय काबिज हो गया। हिंदी का पाठक वर्ग दुनिया में सबसे बड़ा भाषाई मीडिया बाजार है। यही उसकी ताकत भी बना और कमजोरी भी। विज्ञापन बढ़े, संसाधन बढ़े, लेकिन साथ ही यह सिद्धांत भी मजबूत हुआ जो बिकता है, वही दिखता है। खबरें बेचीं जाने लगी। पाठक की नजर में मीडिया सवालों के घेरे में आया जिन पत्र या पत्रकार में पत्रकारिता की जड़े बची थी वे दरकिनार होते गये और अपनी व्यक्तिगत पत्रकारिता शुरू कर दी। मिशन पत्रकारिता का एजेंडा पत्रकारिता में ढल जाना। बदलाव की प्रक्रिया रही। देखें तो हर दिन सैकड़ों घटनाएं घटती हैं, लेकिन मीडिया उनमें से चुनिंदा खबरें दिखाता है। कौन सी खबरें प्रमुख होंगी, यह अक्सर पत्रकारिता नहीं बल्कि संस्थान की वैचारिक या व्यावसायिक प्राथमिकताएँ तय करती हैं, कह सकते हैं एडिटोरियल लाइन। जन सरोकार के मुद्दों की जगह मुद्दों से भटकाने वाली खबरें जिसे हम एजेंडा सेटिंग कह सकते हैं। एजेंडा पत्रकारिता की भाषा बदल गयी। देखें तो शब्द सिर्फ सूचना नहीं देते, दृष्टिकोण भी गढ़ते हैं। 'प्रदर्शनकारी' और 'उपद्रवी', 'शहादत' और 'हत्या', 'घुसपैठिया' और 'शरणार्थी' इन शब्दों का चयन ही दर्शक की सोच को प्रभावित करता है। एजेंडा पत्रकारिता में भाषा निष्पक्ष माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक हथियार बन गयी है। खबरों में झूठ परोसा जाने लगा वह भी पूरे भरोसे के साथ। ख़बरों के साथ बड़ा - बड़ी शब्द जुड़े ताकि भ्रामक खबर भी सही लगे? ऐसे में सरकार और कुछ मीडिया हॉउस सामने आये और भ्रामक ख़बरों का फैक्ट चेक करने की परिपाटी शुरू की। इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने हद कर दी। चीख पुकार उसकी पहचान बन गयी। खबर हो या चर्चा कार्यक्रम सब में चीखती बहसें लोकतांत्रिक विमर्श कम और शोर ज्यादा लगती हैं। एंकर संचालक नहीं, निर्णायक बन बैठता है। भाषा ने आप खोया, लेकिन एंकर नहीं चेते, हद तो तब होती जब कभी कभी खुद किसी पार्टी का प्रवक्ता बन जाता है। एक पक्ष को अधिक समय और दूसरे को प्रतीकात्मक जगह देकर बहस को पहले से तय दिशा में मोड़ा जाता है, और एजेंडा तय कर देता है। स्वस्थ चर्चा कभी-कभी मारपीट या गाली गलौज तक पहुंच जाता है। मकसद साफ होता है विषय का समाधान नहीं, उत्तेजना पैदा कर, एजेंडा को स्थापित कर दो। पत्रकारिता का मूल सिद्धांत था बल्कि है, खबर और विचार अलग रहें। लेकिन आज रिपोर्टिंग में ही टिप्पणी और ज्ञान घुल गई है। देखें तो एजेंडा पत्रकारिता में खबर की उम्र बहुत छोटी होती है। कोई हादसा दो दिन सुर्खियों में रहता है, फिर नया मुद्दा आ जाता है। या ला दिया जाता है क्योंकि उद्देश्य जनहित नहीं, तात्कालिक सनसनी फैलाना और मुद्दों से भटकाना भी होता है। आज बड़े मीडिया संस्थानों का बड़ा हिस्सा कॉरपोरेट घरानों या राजनीतिक हितों से जुड़ा है। मीडिया अब सिर्फ सूचना का माध्यम नहीं, प्रभाव का साधन भी बन चुका है जब मालिक के व्यावसायिक या राजनीतिक हित दांव पर हों, तब संपादकीय स्वतंत्रता की बात बेमानी हो जाती है। ऊपर से टीआरपी का खेल है। डिजिटल दौर में सफलता का पैमाना दर्शकों की संख्या और क्लिक बन गया है। खबरों को छोटे पर्दे पर जिस भयावहता के साथ परोसा जाता है देख कर डर लगने लगता है। मीडिया अब नैरेटिव तय करती है। इससे पत्रकारिता की पारंपरिक सत्यापन प्रक्रिया कमजोर हुई है। हिंदी पत्रकारिता दिवस या चर्चा में कितना भी अच्छी-अच्छी बात कर लें, हालात ठीक नहीं है। हिंदी पत्रकारिता से जुड़े जिला संवाददाता बेहद कम वेतन और अस्थिर नौकरी में काम करते हैं। ऐसे माहौल में स्वतंत्र पत्रकारिता को लेकर भी सवाल उठता रहता है। आज हिंदी यो कहे तो पत्रकारिता को लेकर विश्वसनीयता का संकट खड़ा हो गया है। मीडिया पर से दर्शकों का विश्वास का हटना, भरोसा का टूटता दर्शाता है कि पत्रकारिता खतरे में है। मीडिया पर अविश्वास लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट है, अहम सवाल है जिस पर विचार करना होगा। स्वतंत्र और आलोचनात्मक पत्रकारिता करने वाले कई पत्रकार मुख्यधारा से बाहर हो चुके हैं। नई पीढ़ी भी पत्रकारिता की बजाय पीआर, कंटेंट क्रिएशन या कॉरपोरेट कम्युनिकेशन की ओर आकर्षित हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेल अधिकारी के साथ संवेदक ने की मारपीट

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के कारखाना रोड के एक क्वार्टर में उसे समय कहा सनी की आवाज सुनाई दी जब क्वार्टर में रहने वाले एक रेल अधिकारी के साथ रेल संवेदक के द्वारा गाली गलौज मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि इस मामले को लेकर स्थानीय पुलिस से लेकर आरपीएफ घटना के प्रति अन्विकता जाहिर किया है। घटना के बारे में प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि कारखाना रोड में के एक अधिकारी के क्वार्टर में ठेकेदार का कार्य चल रहा था। क्वार्टर में अनिमितापूर्ण चल रहे कार्यों का जब रेल अधिकारी ने विरोध किया तो स्थानीय रेल संवेदक वहां पहुंचकर संबंधित रेल अधिकारी के साथ गाली गलौज मारपीट की घटना को अंजाम दिया। रेल अधिकारी मैं इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से लिखित एवं मौखिक रूप से करने की बात कही है।

### पेड़ गिरने से एक युवक की हुई मौत



**हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पहाड़पुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह तेज आंधी और बारिश आने के दौरान पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सिसवा मलदहिया गांव निवासी मनोज सिंह के रूप में हुई है। घटना सिसवा रेलवे लाइन के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बारिश और तूफान आने पर मनोज सिंह मक्के का बाल ढो रहे थे। इसी दौरान तेज हवा के झोंके से पेड़ गिर पड़ा, जिससे दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई।वही मौके पर पहाड़पुर पुलिस ने पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया गया परिजनों मे चीख पुकार मच गया।

### अपराधियों ने हथियार के बल पर व्यवसायी को लूटा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराधियों ने दिन दहाड़े एक अनाज व्यवसायी को लूट कर भाग निकले, गुरुवार के शाम करीब पांच बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर इनरवा गांव निवासी संजय प्रसाद गल्ला व्यवसाई से करीब पचास हजार रुपए लूट कर भाग निकले,पिडित व्यक्ति को सर पर हथियार तान कर रुपए लूट ली गई, व्यवसाई संजय का दुकान बंशीधर हाई स्कूल के पास है जहां हमेशा भीड़ रहती है कुछ ही दुरी पर प्रखंड कार्यालय अवस्थित है अपराधियों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत काम कर लूट का अंजाम दिया, आदापुर थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने जांच पड़ताल में जुटी हुई है अपराधियों के अंजाम से श्याम पुर बाजार के व्यवसायिकों में डर का माहौल बना हुआ है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 06 जून 2026 को मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अग्रणी जिला प्रबंधक, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिला स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सभी 30 शाखाओं द्वारा आगामी 06 जून 2026 को मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कृषि से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं यथा- किसान क्रेडिट कार्ड, SHG, गव्य विकास, मत्स्य, पशुपालन, मुर्गी पालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग आदि के तहत ऋणों की स्वीकृति एवं संवितरण की जाएगी। इसके लिए कृषि कार्यों में लगे हुए किसानों, कृषि उद्यमियों, ग्रामीण व्यवसायों आदि से आग्रह है कि वे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नजदीकी शाखा में यथाशीघ्र सम्पर्क कर अपनी जरूरत के अनुसार कृषि ऋण के लिए आवेदन दें एवं इन सभी योजनाओं का लाभ उठाएँ ।

### सांसद ने पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ की बैठक

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को परिसदन में पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में श्री सिंह ने नितिन नवीन जब इस विभाग के मंत्री थे तब जिन योजनाओं का शिलान्यास किया था, उनकी आज



समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि उन योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाय और उनका उद्घाटन इसी वितीय वर्ष में कर लिया जाय।

### टिकट चेकिंग अभियान में 90 यात्रियों से वसूले गए 76 हजार

– जमालपुर कियूल रेल खंड पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर-किउल रेलखंड पर गुरुवार को विशेष टिकट जांच अभियान से बेटिकट यात्रियों में हड़कंप मचा देखा गया। चेकिंग अभियान के दौरान 90 यात्रियों से 76500 वसूले गए। रेलवे द्वारा रेल करो पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करवाना है। इसी उद्देश्य के तहत भागलपुर जमालपुर कियूल रेल खंड पर आए दिन टिकट चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों को जुमार्ना करते हुए टिकट लेकर रेल यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इधर रेल खंड पर लगातार चल रहे टिकट चेकिंग अभियान से जहां रेलवे राजस्व में खास मुनाफा देने का काम मुख्य टिकट निरीक्षक जावेद के नेतृत्व वाले टीटी अरुण कुमार,निक्की कुमारी, रामकुमार सिंह,विल्सन कुमार,पंकज मीणा, मुकेश कुमार की टीम कर रहे हैं।



### राजापट्टी व शामकौरिया स्टेशन पर रुकेगी पटना-थावे पैसेंजर, यात्रियों में खुशी

**छपरा/मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। राजापट्टी एवं शामकोरिया रेलवे स्टेशनों पर गाड़ी संख्या 55515/55516 पटना-थावे पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को रेल मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए राजापट्टी एवं शामकोरिया स्टेशनों पर ट्रेन ठहराव की मांग लगातार की जा रही थी। मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए रेलवे मंत्रालय ने पटना-थावे पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से मशरक समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों एवं दैनिक यात्रियों को अब यात्रा के लिए बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय लोगों ने ट्रेन ठहराव की स्वीकृति पर खुशी जताते हुए इसे लंबे समय से लंबित मांग की पूर्ति बताया। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के ठहराव से आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय लोगों को पटना, छपरा और थावे की ओर यात्रा करने में सुविधा मिलेगी। रेल मंत्रालय के इस निर्णय को क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए सांसद सहित रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से ताड़ के पेड़ में लगी आग

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के परसागढ़ दक्षिणी पंचायत के एकड़ीपुर गांव में शुक्रवार की सुबह तेज बारिश व मेघ गर्जन के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक ताड़ के पेड़ में आग लग गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। बताया गया कि शुक्रवार की तड़के अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई और लगातार मेघ गर्जन हो रहा था। इसी दौरान गांव के एक ऊंचे ताड़ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरते ही पेड़ धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली गिरने की तेज आवाज से लोग सहम गए थे। कुछ लोगों ने मोबाइल फोन में उक्त दृश्य का फोटो-वीडियो कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ ही देर में आसपास के लोग मौके पर जुट गए और स्थिति का जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय पेड़ के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# सशक्त अस्थायी कमेटी के चुनाव में आलोक हुए निर्वाचित, चार निर्विरोध

## चुनाव की प्रक्रिया में आलोक को मिले 22 तो साइ को मिले 11 बोट

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर के सशक्त स्थाई कमेटी का चुनाव डीडीसी अजीत कुमार सिंह एवं सदर एसडीओ कुमार अभिषेक सहित बीडीओ डॉ प्रभात रंजन के देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सशक्त स्थाई कमेटी के पंच पदों पर होने वाले चुनाव में जहां चार पद के प्रत्याशी दीपा सिन्हा, कैलाश सिंह, अमित कुमार एवं साइना खातून निर्विरोध हुए। जबकि एक पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया हुई। जिसमें आलोक कुमार एवं साइ शंकर ने नामांकन का पर्चा भरा। चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई तो आलोक कुमार को 22 मत प्राप्त हुए तो साई शंकर को 11 इस तरह 11 मत से वार्ड नंबर 13 के पार्षद आलोक कुमार निर्वाचित हुए।निर्वाचित हुए सशक्त स्थाई समिति के सदस्य आलोक को डीडीसी एवं एसडीओ ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र देते हुए बधाई दिए। इधर निर्वाचित



हुए सभी पार्षदों का स्वागत अभिनंदन मुख्य पार्षद पार्वती देवी के नेतृत्व में पार्षदों की टीम ने किया। मौके पर सामाजिक नेत्र मधु देवी, सामाजिक कार्यकर्ता राजन मंडल सामाजिक, जयप्रकाश सिंह बादल, वार्ड पार्षद राकेश तिवारी, प्रतिनिधि दीपक, राकेश कुमार सहित कई मौजूद थे।

## रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति, विकास कार्यों को मिलेगी गति

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर महत्वपूर्ण पहल करते हुए रक्सौल विधानसभा के विधायक ने दो नए विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रक्सौल प्रखंड क्षेत्र के लिए श्री मोती बैठा तथा रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के लिए श्री कन्हैया सर्राफ को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। बताया गया है कि दोनों प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में जनता और विधायक के बीच सेतु की भूमिका निभाएंगे। क्षेत्र की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने, विकास योजनाओं की निगरानी करने तथा आम लोगों की शिकायतों के शीघ्र समाधान में उनकी सक्रिय भूमिका रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रक्सौल विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और जनसरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर सक्रिय एवं जनहित के प्रति समर्पित लोगों को जिम्मेदारी सौंपे जाने से विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी। विधायक ने दोनों नवनियुक्त प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। इधर, दोनों नेताओं की नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद समर्थकों और स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय प्रतिनिधियों की नियुक्ति से जनता की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विकास कार्यों में तेजी आएगी।

## खगड़िया की महिला यात्री का मोबाइल छीन कर भाग रहा चोर गिरफ्तार

### चोर को जनता ने पकड़ कर पुलिस को किया हवाले

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर थाना क्षेत्र के जुबली बेल चौक पर उसे समय अफरा तफरी का माहौल देखा गया जब ऑटो में बैठी खगड़िया की महिला यात्री के मोबाइल को छीनकर भाग रहे चोर की जमकर पिटाई जनता के करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बारे में खगड़िया की रहने वाली रूपम कुमारी टोटो से जमालपुर अमेरिकन हॉस्पिटल आई थी। लौट के क्रम में ऑटो पर जैसे ही महिला बैठी तो पीछे दो युवक महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर ऑटो से उतरकर भागने लगे। महिला भी ऑटो से उतरकर चोर के पीछे भागते हुए चोर चोर चिल्लाने लगी। जिस पर राहगीर एवं जनता ने भाग रहे चोर को खादेर कर पकड़ लिया और जमकर पिटाई करते हुए जमालपुर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची जमालपुर थाना के एएसआई सतों पासवान ने चोर को पकड़ कर थाना ले गई। इधर थाना में गिरफ्तार चोर से खगड़िया की महिला के समक्ष पुलिस चोरी के मोबाइल के बारे में सागर कुमार से पूछताछ किया तो पता चला कि रामचंद्रपुर निवासी सत्यम यादव मोबाइल चोरी सागर के हाथ में थामकर भाग गया था। जमालपुर पुलिस अब चोरी हुए मोबाइल को बरामद करने को लेकर छापेमारी करने की बात कही है।

**मोबाइल चोर की जमकर जनता ने पिटाई**

## रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल की कार्यशैली पर सवाल, घायल युवक ने लगाया लापरवाही का आरोप

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में है। इस बार इलाज और जांच प्रक्रिया में कथित लापरवाही को लेकर एक स्थानीय व्यवसायी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर शहर में स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार बैंक रोड निवासी रेडीमेड व्यवसायी अमित कुमार सीढ़ी से गिरकर घायल हो गए थे। इलाज के लिए वे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें दवा और मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई। हालांकि पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बिना समुचित जांच किए ही रिपोर्ट तैयार कर दी गई। अमित कुमार का कहना है कि चिकित्सक ने बिना बीपी मशीन लगाए ही पर्ची पर ब्लड प्रेशर, पल्स रेट, एसपीओ-2 और वजन दर्ज कर दिया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने मोहिबुल हक, बधाई

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मोहिब्बुल हक को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। श्री हक के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। गौरतलब है कि श्री हक पूर्व में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री के दायित्वों का कुशल निर्वहन कर चुके हैं। बधाई देने वालों में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी, जिलाध्यक्ष पवन राज, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, उप महापौर डॉ.



लालबाबू प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, विनोद कुशवाहा, सुधांशु रंजन, राकेश गुप्ता, जिला महामंत्री त्रय योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष कुमार विजय उर्फ टिंकू, सह-कोषाध्यक्ष रवि रंजन उर्फ पप्पू पाण्डेय, कार्यालय मंत्री सियावर सिंह, जिला प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना, साजिद रजा एवं संजीव सिंह, संगीता चित्रांश, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सह-मीडिया प्रभारी- सुधीर गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा, मोतिहारी विधानसभा प्रभारी के प्रभारी वकील सहनी एवं संयोजक ओमप्रकाश सिंह, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार एवं दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा शामिल थे।

## कवलपुरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

### ग्रामीणों को घर के पास मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के कवलपुरा गांव में शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह तथा सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने भवन एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। मौके पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन से गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य



सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। अब सामान्य बीमारियों के उपचार, स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, टीकाकरण तथा आवश्यक दवाओं के लिए ग्रामीणों को दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है, ताकि लोगों को प्राथमिक स्तर पर ही उपचार मिल सके और गंभीर बीमारियों की पहचान समय रहते हो सके। उन्होंने कहा कि उनके बाबा एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय नागेश्वर सिंह की सोच थी कि गांव स्तर पर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में कार्यरत डॉ. चन्द्रशेखर सिंह कवलपुरा गांव के ही निवासी हैं।

## जान से मारने की धमकी का आरोप थाने में दिया आवेदन

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र के यदुवंशनगर, शिशा मिल निवासी 88 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक रामपदार्थ सिंह ने फतुहा थाना में आवेदन देकर जमीन हड़पने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए फतुहा थाना में लिखित आरोप लगाया है.आवेदन में उन्होंने बताया है कि मौजा मोमिनपुर स्थित प्लॉट संख्या-137 की जमीन उन्होंने विधिवत केवाला व रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी थी. आरोप है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से फर्जी बसिका एवं जाली हस्ताक्षर के आधार पर उक्त जमीन को बेचने का प्रयास किया और जमीन पर कब्जा करने की नीयत से खून-खराबा कराने की धमकी देते हैं. पीड़ित ने आवेदन में कई लोगों को नामजद करते हुए कहा है कि जमीन पर जाने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी जाती है.

## विक्रमशिला एक्सप्रेस से चार नाबालिग बच्चों को आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

### मौज-मस्ती के लिए घर से निकले थे बच्चे

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन जमालपुर पर आरपीएफ की टीम ने विक्रमशिला एक्सप्रेस से चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों की उम्र लगभग 11 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पूछताछ में पता चला कि चारों बच्चे बांका जिले के रहने वाले हैं और बिना परिजनों को बताए घर से घूमने और मौज-मस्ती के उद्देश्य से निकल पड़े थे। शुक्रवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पहुंची ड्यूटी पर तैनात एस्कॉर्ट पार्टी की नजर संदिग्ध अवस्था में सफर कर रहे चार नाबालिग बच्चों पर पड़ी। बच्चों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर एस्कॉर्ट टीम ने तत्काल इसकी सूचना जमालपुर आरपीएफ पोस्ट को दी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही आरपीएफ जवानों और अधिकारियों के सहयोग से चारों बच्चों को सुरक्षित ट्रेन से उतारकर आरपीएफ यार्ड पोस्ट लाया गया। तथा आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा सिंह ने बच्चों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बच्चों ने बताया कि वे बिना किसी को जानकारी दिए घर से घूमने के लिए निकल गए थे। फिलहाल आरपीएफ द्वारा बच्चों के परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है।ताकि उन्हें सुरक्षित परिवार के हवाले किया जा सके। इधर आरपीएफ बच्चों का मेडिकल जांच करने के बाद चाइल्ड वेलफेयर कमेटी मुंगेर भेजने की बात कही। एएससी ने बताया कि सूचना मिलते ही आरीपएफ सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा अपनी टीम के साथ बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। फिलहाल उनके परिजनों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।ताकि किसी भी नाबालिग बच्चे, मानव तस्करी या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## भूमि विवाद में दो व्यक्तियों पर धारदार हथियार से हुआ जानलेवा हमला

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कटकुईयां गांव में गुरुवार की रात भूमि विवाद में पुरानी रंजिश को लेकर हुए जानलेवा हमले में दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज पहले सदर अस्पताल मोतिहारी में कराया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान कटकुईयां गांव निवासी कृत राय के पुत्र राजेश कुमार (45) एवं दरोगा राय के पुत्र रमेश राय (35) के रूप में हुई है। घायल राजेश कुमार के पुत्र चंदन कुमार द्वारा चिरैया थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, गुरुवार की रात करीब आठ बजे उनके पिता अपनी स्कॉर्पियो से दादा-दादी को छोड़ने घोड़ासहन स्टेशन जा रहे थे।



इसी दौरान गांव के समीप पहले से घात लगाए बैठे स्व. अंचित राय के पुत्र चंद्रिका राय (55) एवं उनके चार पुत्रों अरविंद कुमार (28), अवनीश कुमार (26), लालू कुमार (22) और कृष्णा कुमार (19) ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि सभी ने मिलकर राजेश कुमार को गाड़ी से खींच लिया और लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उनका सिर फट गया तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आवेदन में यह भी कहा गया है कि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके चाचा रमेश राय के साथ भी मारपीट की गई। आरोपितों द्वारा गले से सोने की चेन, नकदी और अन्य सामान छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है।

## फतुहा में सोनालिका का गैरेज ऑनर मिलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा के मौजीपुर स्थित सोनालिका के अधिकृत विक्रेता एम.के. इंटरप्राइजेज के तत्वावधान में बुधवार को भव्य 'गैरेज ऑनर मिलन एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 100 गैरेज मालिकों और मैकेनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में सम्मान, संवाद और तकनीकी जानकारी का अनूठा संगम देखने को मिला।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनालिका कंपनी के एसोसिएट वाइस



प्रेसिडेंट धीरू कुमार झा का एजेंसी संचालक मिथलेश कुमार द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर साउथ बिहार के एरिया इंचार्ज दिव्यांशु कुमार, बिजनेस मैनेजर आनंद प्रियदर्शी तथा सर्विस इंजीनियर विवेक कुमार भी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक मिथिला पाग और शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एरिया इंचार्ज दिव्यांशु कुमार ने कहा कि सोनालिका केवल आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि बिक्री के बाद बेहतर सर्विस और किसानों की संतुष्टि को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

## जनता दरबार में आई के समस्याओं के प्रति गंभीर हैं जिलाधिकारी

### 16 मामले के निपटारा को लेकर संबंधित पदाधिकारी को दिए निर्देश

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत समाहरणालय में आयोजित आज की जन सुनवाई सह जन संवाद में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने 16 लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। दीदारगंज संग्रामपुर निवासी पैक्स अध्यक्ष पोरस कुमार यादव ने कहा कि पूर्व के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक द्वारा अब तक संबंधित अभिलेख एवं उपस्कर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण से कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल जिला सहकारिता पदाधिकारी



को इस ओर अग्रेतर कार्रवाई करने के निदेश दिए। धीरेंद्र पासवान, अशोक पासवान, बबलू साद आदि ने कहा कि वो पूर्व में विद्युत विभाग के लिए कार्य करते थे, लेकिन अकारण उन्हें तत्काल हटा दिया गया है, जिससे उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उन सबों ने पुनः उन लोगों के समायोजन कराने की मांग की। चंदनिया संग्रामपुर निवासी सूरज कुमार रजक ने कहा कि दबंगों द्वारा जबरन उनके जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। हरपुर बांक निवासी धर्मेंद्र पासवान ने कहा कि वह अपने घर का विद्युत कनेक्शन कब से कटवा चुके हैं तथा अपना मीटर भी जमा कर चुके हैं, लेकिन फिर भी उनके नाम से उन्हें विद्युत विपत्र भेजा जा रहा है। इसके अलावे भूमि विवाद, परिमार्जन सहित अन्य कई मामलों की भी जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभिरता से लेते हुए तत्काल ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन की नियमनुसार जांच कर समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।

# हाइवे पर अवैध संरचनाओं और पार्किंग के विरुद्ध होगी कार्रवाई

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर डीएम ने की बैठक, हाइवे सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष टीमों का गठन
- गठित टीमों की अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा डीएसपी ट्रैफिक करेंगे सतत निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाइवे सुरक्षा को लेकर दिए गए निर्देशों के अनुपालन के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे अवैध अतिक्रमण, अनाधिकृत ढाबों, दुकानों एवं अन्य अवैध संरचनाओं को चिन्हित कर निर्धारित समयसीमा के भीतर हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यात्रियों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध हो। हाईवे पर दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने, ट्रकों एवं अन्य भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने तथा यातायात संचालन को सुचारु बनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, एम्बुलेंस एवं रिकवरी क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा की गई।जिला पदाधिकारी द्वारा हाईवे सुरक्षा एवं निगरानी को प्रभावी बनाने हेतु विशेष दलों का गठन किया गया है। गठित टीमों में मोटर वाहन निरीक्षक, ईएसआई तथा संबंधित थाना के थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। ये दल अपने-अपने आवंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। गठित टीमों की सतत निगरानी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा डीएसपी ट्रैफिक द्वारा की जाएगी, ताकि कार्रवाई की प्रभावशीलता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। साथ ही गठित दलों को प्रतिदिन की कृत कार्रवाई संबंधित प्रतिवेदन भी देने हेतु निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि हाईवे सुरक्षा से संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित रूप से कार्य करें तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों की सतत समीक्षा की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके।बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेगूसराय सदर, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय सहित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छात्रा को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च सम्मान 'राष्ट्रपति पुरस्कार' से सम्मानित बीहट की होनहार छात्रा शिखा रानी ने शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने शिखा रानी को उनकी उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।




जिला पदाधिकारी ने कहा कि शिखा रानी ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं प्रतिभा के बल पर यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार और शिक्षण संस्थान, बल्कि पूरे बेगूसराय जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के लिए शिखा रानी की उपलब्धि प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय एचएफसी बरौनी की पूर्व छात्रा एवं बीहट निवासी शिखा रानी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च सम्मान 'राष्ट्रपति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। शिखा रानी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जिले में गौरव एवं प्रसन्नता का वातावरण है।

## हल्की बारिश से जल जमाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में बारिश ने पूरे प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों की सूरत बदसुरत कर दी है। इससे सड़कों पर झील सा नजारा बन गया है। सड़कों पर घुटने तक पानी जमा हो जाने से राहगीरों को अपने घर तक जाने तथा घर से निकल कर कहीं जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 14 तथा 15 की नारकीय स्थिति हो गई है। इन्द्रजीत सिंह के घर से लक्ष्मी सहनी के घर तक सड़क पर घुटने तक पानी जमा हो गया है। इसी जमे पानी से होकर लोगों को आना, जाना करना हो रहा है। सड़क पर पानी भरे रहने के कारण उसमें बने गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। कई साइकिल तथा बाइक सवार गिर कर चोटिल हो गयें हैं। यही स्थिति महेशवाड़ा पंचायत भवन के बगल से गांव जाने वाली सड़क, राजनीति जयमंगला पुस्तकालय, मिडिल स्कूल महेशवाड़ा सहित कई सड़कों की है। रजाकपुर भगवती स्थान, संत निरंकारी सत्संग भवन, हसनपुर बागर काली स्थान से भगवती स्थान जाने वाली सड़क, छोटू ठाकुर की दुकान के बगल से मुहल्ले जाने वाली सड़क, मिडिल स्कूल नावकोठी के पश्चिम वाली सड़क, वार्ड संख्या 12 श्री धर पाठक घर के समीप, आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 48 के समीप, शमशाद के घर से चमरू मालाकार के घर तक, शिव मंदिर के उत्तर सामने वाली सड़क सहित कई अन्य सड़क जलमग्न है। ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं रहने से थोड़ी सी बारिश में सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

## बनिया वार्ड नं-14 में नल जल की स्थिति बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नं-14 पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्बारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्बारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है। बनिया के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बनिया पंचायत के वार्ड नं 14 में नए तरीके से नल जल जीवन लगवाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करा दिया जाए तो ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

## बीहट विद्यालय की महिला हॉकी खिलाड़ियों को मिली हॉकी किट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भारतीय सेना में सेना अधिकारी के पद पर कार्यरत मेजर किशन गुप्ता द्वारा बीहट मध्य विद्यालय की महिला जूनियर हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चियों को खेल के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था, ताकि वे गर्मी की छुट्टियों में भी नियमित अभ्यास कर सकें और भविष्य में जिले एवं राज्य का नाम रोशन करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय की खेल शिक्षिका अनुपमा सिंह ने भी बच्चियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संसाधनों के साथ-साथ निरंतर मेहनत और लगन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने एवं खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। आईए बिहार व साईं की रसोई से जुड़े मेजर किशन गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त जरिया है। हमारी बेटियाँ प्रतिभाशाली हैं। जरूरत केवल सही मार्गदर्शन और संसाधनों की है। मुझे विश्वास है कि बीहट मध्य विद्यालय की ये बच्चियाँ आने वाले समय में बेगूसराय, बिहार एवं देश का नाम रोशन करेंगी। मेरा प्रयास हमेशा रहेगा कि जरूरतमंद बच्चों एवं खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग मिलता रहे। इस किट वितरण कार्यक्रम में साईं की रसोई, बेगूसराय की टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम के सदस्य राघव सिंह व अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगों एवं बच्चियों को मेजर किशन गुप्ता द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि वे लगातार जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं साईं की रसोई के खाद्य मंत्री पंकज कुमार ने जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन तैयार करने की प्रक्रिया एवं सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सेवा केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का माध्यम भी है।इस अवसर पर साईं की रसोई, बेगूसराय के सदस्य अभिषेक, शैलेंद्र, राघव, कुंदन गुप्ता के सुपुत्र हिमांशु एवं हर्ष उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## टॉप-10 अपराधी दौलत उर्फ हर्षवर्धन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** जिले में कुख्यात अपराधकर्मियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बेगूसराय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ टीम की गुप्त सूचना के आधार पर डीआईयू पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल पहसारा निवासी विमल सिंह के पुत्र दौलत कुमार उर्फ हर्षवर्धन को नगर थाना क्षेत्र से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। दौलत कुमार उर्फ हर्षवर्धन नावकोठी थाना कांड संख्या 225/25 का अभियुक्त था। यह लंबे समय से फरार चल रहा था। इस पर पहसारा बगरस पथ बनने के क्रम में संवेदक से रंगदारी मांगने एवं हवाई फायरिंग करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी लंबे समय से विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और उसकी तलाश पुलिस को कई मामलों में थी। गुप्त सूचना मिलने के बाद डीआईयू एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नावकोठी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है, जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा फरार एवं कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम सक्रिय है।

## शराब कारोबारी ने भाई की गोली मारकर की हत्या

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दादपुर गांव में शुक्रवार की सुबह घर में घुसकर एक 30 वर्षीय युवक की चचेरे भाई ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के दादपुर गांव निवासी सूरज कुमार अपने घर पर था तभी उसका चचेरा भाई गणेश कुमार ने उसे 3 गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के कारणों की जांच की। सूत्रों ने बताया कि आरोपी गणेश कुमार अवैध शराब का धंधा करता है और हाल ही मे जेल से छूटकर आया था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल मे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूक हुईं छात्राएं व महिलाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को जिले के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही माहवारी से जुड़े मिथकों और सामाजिक वर्जनाओं को दूर करने का संदेश भी दिया गया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने युवतियों एवं महिलाओं को माहवारी के समय विशेष सावधानी बरतने, स्वच्छ सैनिटरी पैड के उपयोग, नियमित साफ-सफाई तथा संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों को यह भी समझाया गया कि माहवारी एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है और इसे लेकर किसी प्रकार का भय, शर्म या संकोच नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ कृष्ण कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि माहवारी महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक एवं अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी माहवारी को लेकर अनेक भ्रांतियां एवं सामाजिक वर्जनाएं मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक करना ही इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। डीपीएम मो. अनवर आलम ने इस संदर्भ में बताया कि बकरीद की छुट्टी के कारण 28 तारीख के स्थान पर 29 तारीख को यह कार्यक्रम जिले में आयोजित हुआ जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं एवं युवतियों को माहवारी के दौरान संक्रमण से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कई केंद्रों पर प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। डीपीसी सह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के जिला नोडल ऑफिसर नागेंद्र कुमार केसरी द्वारा कार्यक्रम की निगरानी एवं समन्वयन किया गया।

## दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं ओड़िसा किसान कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी रणधीर झा ने हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूर्ण होने पर संपादकगण, पत्रकार साथियों एवं पाठक परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर एक ऐतिहासिक पड़ाव पर खड़ा है। एक सदी से पत्रकारों ने निष्ठा, सत्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ पत्रकारिता के उच्च मानकों को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों ने हमेशा समाज के दबे-कुचलों की आवाज बनकर लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया है। रणधीर झा ने कहा कि बीते 200 वर्षों में पत्रकारों ने युद्ध और शांति, सामाजिक बदलाव, तकनीकी परिवर्तन तथा अनेक चुनौतीपूर्ण दौर देखे, लेकिन निष्पक्षता और विश्वास की मशाल को निरंतर जलाए रखा। उन्होंने कहा कि अखबार ने केवल समाचार देने का कार्य नहीं किया, बल्कि समाज में जागरूकता, विमर्श और सकारात्मक परिवर्तन को भी दिशा दी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-15-26, दिनांक 26.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-15-26 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में वीएसएस के अंतर्गत सभी स्टेशनों की निगरानी के लिए निर्विघ्न पावर सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु ऑक्जिलरी ट्रांसफॉर्मर के विस्तार के सबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,49,64,869.01, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,99,300/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 30.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-107/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastenRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-पावरकेबल-आईपीएस-26, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई-पावरकेबल-आईपीएस-26 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत रिंग व्यवस्था में 16 वर्ग मिमी कॉपर केबलों का इस्तेमाल करते हुए ऑटो चेंज ओवर पैनल से आईपीएस एवं आईपीएस से रिले रूम तक स्टैंड बाई पावर केबल का प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,74,50,242/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु.11,49,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 05.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 19.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-109/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastenRailway @easternrailwayheadquarter


## कुटुंबा प्रमुख धर्मेंद्र कुमार का राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह 2025 में औरंगाबाद जिले की लोकप्रिय जनप्रतिनिधि जिला पार्षद सदस्या नीतू सिह एवं कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार को शामिल होने हेतु चयनित किया गया है। यह भव्य समारोह आगामी 03 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा, जहां देश भर के उत्कृष्ट पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

धर्मेंद्र कुमार के चयन की खबर मिलते ही कुटुंबा सहित पूरे औरंगाबाद जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने इसे जिले के लिए गौरव और सम्मान का विषय बताया है। लोगों का कहना है कि प्रखंड स्तर पर उनके द्बारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनसेवा और सक्रिय भागीदारी का ही परिणाम है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण समारोह में शामिल होने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि धर्मेंद्र कुमार को पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक एवं पंचायत स्तर के कार्यों के लिए कई बार राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण और जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता लगातार चर्चा में रही है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल धर्मेंद्र कुमार का नहीं बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले का सम्मान है। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पंचायत व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## मोना हत्याकांड मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र मे मोना हत्याकांड मे शामिल प्राथमिक अभियुक्त को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पहली अप्रैल को हुई मोना हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने वभनगामा गांव के गुलशन सिंह का पुत्र प्राथमिकी अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ नटवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त काला रंग का बुलेट मोटरसाइकिल, घटना का बनाया गया वीडियो एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह बरामदगी मामले के अनुसंधान में महत्वपूर्ण साक्ष्य मानी जा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से गहन पूछताछ की जा रही है तथा अन्य अपराधियों की संलिप्तता के बिंदुओं पर अग्रेतर कार्रवाई जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**विवेक उर्फ नटवर के विरुद्ध कई है अपराधिक मामले**

थाना क्षेत्र के चर्चित मोना हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ नटवर का आपराधिक इतिहास भी धीरे-धीरे सामने आने लगा है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार विवेक उर्फ नटवर के विरुद्ध नावकोठी थाना कांड संख्या 147/25 दिनांक 10 जुलाई 2025 में भी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।उक्त कांड में भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(4), 308(5), 324(4), 61(2), 74, 351(2), 352 एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र संख्या 273/25 दिनांक 21 अक्टूबर 2025 न्यायालय में समर्पित किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार विवेक उर्फ नटवर का नाम क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लगातार सामने आता रहा है। हाल ही में मोना हत्याकांड में गिरफ्तारी के बाद उसके पुराने आपराधिक मामलों की भी समीक्षा की जा रही है। थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध उपलब्ध सभी मामलों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है तथा उसके आपराधिक नेटवर्क और सहयोगियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार अभियान चलायी जा रही है।


**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health(SR)/2026/06 दिनांक- 29.05.2026

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health(SR)/2026/01 एवं 2026/02 दिनांक 14.02.2026, 2026/03 दिनांक 30.04.2026 एवं 2026/04 दिनांक 08.05.2026 के क्रम में सर्वसाधारण एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त विज्ञापन के आलोक में निर्धारित अवधि में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सिनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्ण रूप से Online आवेदन पत्र भरा है, को सूचित किया जाता है कि **Online आवेदन पत्र में भरे गये सूचनाओं के आधार पर दिनांक 10.05.2026 से 16.05.2026 तक साक्षात्कार / Document Verification सम्पन्न किया गया था।** अभ्यर्थियों को कतिपय वांछित अभिलेख Document Verification के समय जमा नहीं करने के कारण उन्हें आवश्यक समय भी प्रदान किया गया था। लेकिन फिर भी कुछ अभ्यर्थी के द्वारा वांछित प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जा सका। ऐसे अभ्यर्थियों जिन्होंने वांछित प्रमाण पत्र समय पर जमा नहीं कर पाये हैं उन्हें अब कोई मौका नहीं दिया जायेगा। **तद्नुसार Eligible एवं Not Eligible अभ्यर्थियों की विषयवार Point wise औपबंधिक सूची पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी है। उक्त औपबंधिक सूची में किसी उम्मिदवार को यदि कोई आपत्ति है तो वे साक्ष्य सहित पर्षद कार्यालय में दिनांक 31.05.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।** तद्नुसार अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की विषयवार Point wise सूची तथा Not eligible अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

अग्रेत्तर कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा सम्पन्न की जायेगी।

नोडल पदाधिकारी

# आरपीएफ रफीगंज ने रेस्क्यू कर एक नाबालिग को सीडब्ल्यूसी औरंगाबाद को किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आरपीएफ पुलिस ने स्टेशन पर घूम रहे एक नाबालिग को पकड़ कर सीडब्ल्यूसी औरंगाबाद के सुपुर्द किया। रफीगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी में तैनात रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के अधिकारी एवं जवानों द्वारा तत्परता दिखाते हुए घर से मां के डांट से भागे हुए एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्चे को रेस्क्यू किया। रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर ने बताया कि रात्रि में ड्यूटी में तैनात रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के सहायक उप निरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय एवं आरक्षी संजय कुमार के द्वारा गश्ती के दौरान स्टेशन पर बने यात्री वेटिंग हॉल में एक नाबालिग




लड़का को डरा सहमा अवस्था में बैठा हुआ देखा। संदेह होने पर उक्त बच्चे के नजदीक जाकर पूछ ताछ करने पर घबराने लगा व डरकर रोने लगा। बाद उक्त नाबालिग बच्चे को विश्वास में लेकर पूछ ताछ करने पर अपना नाम पता उत्तर प्रदेश जिला शाहजहांपुर लघोई ग्राम ब्यौरा निवासी बबलू सिंह के 13 वर्षीय पुत्र बताया। आगे पूछने पर बताया कि वह अपनी मां के साथ अपने नानी घर मानपुर कुम्भार टोली में रहते हैं एवं मां के डांट से गुस्सा होकर घर से बिना बताए अपने घर जाने के लिए ट्रेन पकड़े थे लेकिन कुछ समझ नहीं आ रहा था तो डर से रफीगंज स्टेशन पर उतर गए और डर के कारण से बैठे हुए थे। उक्त नाबालिग बच्चे को समझाकर सहज महसूस करवाते हुए रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज पर लाया गया तथा किसी अनहोनी अथवा तस्करी का शिकार नहीं हो जाए व बेहतर देखभाल तथा सुरक्षित घर पहुंचाने हेतु उपरोक्त सूचना एन.जी. ओ. दीप ज्योति कल्याण संस्थान औरंगाबाद बिहार के सामुदायिक सोशल वर्कर सरिता कुमारी के सहयोग से रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के बल सदस्यों द्वारा उक्त नाबालिग बच्चे को सही सलामत सी.डब्ल्यू.सी. औरंगाबाद बिहार को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपर्द कर दिया गया।

# ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रमोद चंद्रवंशी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्सद संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा बिहार प्रदेश द्वारा किये गए संगठन विस्तार में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक रहे प्रमोद चंद्रवंशी को बिहार प्रदेश ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अति पिछड़ा के सह-संयोजक अभय सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि उनके कार्यकाल को सही ढंग से संगठन चलाने उसे मजबूत करने, जमीनी स्तर तक कार्यकर्ता तक पहुंचने के सेवा के फल स्वरुप यह नया दायित्व दिया गया है। बिहार प्रदेश के अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, जय गोविंद प्रसाद, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोतीराम, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी देवी, प्रहलाद कांस्यकार, हरेंद्र चंद्रवंशी, विकास कांस्यकार, विजय चंद्रवंशी, रामानंद चंद्रवंशी, मंगल चंद्रवंशी व अन्य ने इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर की।


अभय सिंह चंद्रवंशी

# मन की बात में पर्यावरण दिवस और योग दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद की एक आवश्यक बैठक जिला अतिथि गृह में आयोजित की गई। बैठक में आगामी रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम, 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी बूथों पर इन कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का कार्य करेंगे।बैठक में विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, अनीता सिंह, रंजीत कुशवाहा, रेखा पासवान, जिला मंत्री सुबोध सिंह, अशोक पांडे, सीमा गुप्ता, जिला आईटी प्रभारी दीपक कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय शर्मा, संजय मालाकार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला प्रवक्ता बीरेन्द्र सिंह, जितेंद्र गुप्ता सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में उपस्थित नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



# जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर गया रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता के आवास पर गुरुवार को सांगठनिक बैठक की गई। दाउदनगर से जुड़े जनहित के मुद्दों, प्रशासनिक कार्य प्रणाली एवं शासन व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। बिहार में एनडीए सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आदेशों पर जन-जन तक लाभ पहुंचाने के लिये यह बैठक हुई। बैठक के बाद सभी को उत्कृष्ट कार्य करने एवं लगातार प्रयासरत हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह दाऊदनगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, 20 सूत्री सदस्य संजय शर्मा, सदस्य राकेश पांडेय, सदस्य रंजन कुमार वर्मा को संजय मेहता ने अशोक स्तंभ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महामंत्री अनूप मनोहर एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष संजय पासवान, अवधेश पासवान एवं अन्य उपस्थित रहे।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
सेराज अहमद
भावी मुखिया प्रत्याशी
बहरौली,मशरक (सारण)

हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष पूरा होने पर एवं हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
आलोक कुमार
नगर पंचायत, मदनपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कर्मठ, समाजसेवी और कर्मयोगी संभावित उम्मीदवार, मदनपुर का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता में है। एक बार सेवा करने का अवसर दें।
मदनपुर, औरंगाबाद (बिहार)
टीवीएस एजेंसी, मदनपुर

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
जितेन्द्र कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
उच्च माध्यमिक विद्यालय, गजाधरपुर
टनकुप्पा (गया)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
नरेश चौधरी
विक्रेता
जनवितरण प्रणाली
पोवा, फतेहपुर (गया)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
संतोष कुमार
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय
उत्तली बारा, टनकुप्पा (गया)

हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष पूरा होने एवं हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
आवासीय शांति निकेतन विद्यालय
पचरुखिया लोहंडा, नगरनौसा (नालंदा)
जितेन्द्र कुमार
प्रधानाध्यापक
बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य

हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष पूरा होने एवं हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
धर्मेंद्र कुमार
राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित प्रमुख - कुटुंबा
पूर्व प्रत्याशी, 221 नवीनगर विधानसभा, बिहार

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरा होने पर मसौढी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाइब्रेरी की ओर से सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
!! श्री गणेशाय नमः !!
हमारी विशेषता है पढ़ाई का बेहतर माहौल
विद्यार्थियों की बेहद मांग पर अब पं0 दीन दयाल उपाध्याय लाईब्रेरी के साथ सभी सुविधायें युक्त
पं0 दीनदयाल उपाध्याय LIBRARY
Registration Open 24x7 Day/Night
सुविधायें :- न्यूज पेपर। 24 घंटे Library Open (Day/Night)। Current Books उपलब्ध। R.O. Water। फ्री Wi-Fi सेवा उपलब्ध। सी.सी.टी.वी कैमरे। A.C. युक्त स्वच्छ एवं शांत वातावरण। लड़कियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था। समय-समय पर उच्च पदस्थ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श।
पता :- सब्जी मण्डी के उत्तर, मसौढ़ी (पटना)
प्रिय छात्र-छात्राओं से आग्रह है की एक बार पं0 दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय में अवश्य पधारें।
Limited Seat for Special Discount
6 माह एवं 1 वर्ष के लिए नामांकन कराने पर विशेष छूट।
Mob.: 9431072694
संचालक :- अरुण कुमार यादव, निदेशक : बिहार स्टेट को-ऑपरेटव फेडरेशन (बिहार)
अरुण कुमार यादव
निदेशक - बिहार स्टेट कोऑपरेटिव फेडरेशन

हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष पूरा होने एवं हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
डॉ सुधीर कुमार सिंह
एनएमसीएच
डॉ राखी रानी
पीएमसीएच
अवध अस्पताल, मसौढी (पटना)

हिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्ष पूरा होने एवं हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर सभी पत्रकार बंधुओं को ढेर सारी शुभकामनाएं
कौशल कुमार सिंह उर्फ पिंटू
जिला कोषाध्यक्ष (भाजपा), औरंगाबाद

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, किशनगंज-1 (बिहार)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय सरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. विद्यानंद प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर (बिहार)
ग्रामीण सड़कों को बेहतर एवं मजबूत बनाने हेतु विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाएं :
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
- मुख्यमंत्री टोला संपर्क निश्चय योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
मजबूत सड़कें समृद्ध गांव
ई. अविनाश कुमार
कार्यपालक अभियंता
गांव-गांव तक पहुंची सड़क और समृद्धि

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय सरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. सुनील कुमार
कार्यपालक अभियंता

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
अजीत कुमार
शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक
कियाखाप, विशनपुर (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
कुमार सौरभ
थानाध्यक्ष
देव (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ :-
पंजाब नेशनल बैंक
शाखा- जम्होर (औरंगाबाद)
बैंक की आकर्षक तथा जमा व ऋण योजनाओं से लाभ उठायें।
जितेन्द्र कुमार
शाखा प्रबंधक

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
अंजली कुमारी
थानाध्यक्ष
महिला थाना ,औरंगाबाद

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
श्रीकांत वर्मा
प्रखंड अध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक मोर्चा
हसपुरा (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
नीतीश कुमार
थानाध्यक्ष
ओबरा (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ :-
श्वेता कुमारी
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
कुटुम्बा (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ:-
सूर्यवीर कुमार गुप्ता
थानाध्यक्ष
जम्होर (औरंगाबाद)

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कर्मियों ने तंबाकू मुक्त समाज निर्माण की ली शपथ

## निकोटिन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पीआईबी रांची एवं सीबीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तंबाकू निषेध की शपथ ली तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का लिया संकल्प। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रांची तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), रांची के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू एवं निकोटीन



उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहेंगे, अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तंबाकू नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर दूरदर्शन समाचार इकाई, झारखंड के प्रमुख एवं सहायक निदेशक दिवाकर कुमार, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह दूरदर्शन रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर, सीबीसी के तकनीकी सहायक राजा आलम समेत पीआईबी और सीबीसी के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने विभागीय जनजातीय भाषा परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर, (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में आगामी विभागीय जनजातीय भाषा की परीक्षा (1 जून से 5 जून तक/ स्थान - गिरिवर +2 हाई स्कूल) को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच कर ली जाए। परीक्षा केंद्र पर जैमर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे ( मोबाइल फोन, टैब, स्मार्ट वॉच ) गैजेट, प्रवेश पत्र, कक्ष निर्धारण इत्यादि की जाँच परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पूर्व ही करे एवं अभ्यर्थियों के प्रवेश-निकास की प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया जाए। आयुक्त के निदेशानुसार अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में मेडिकल किट, बिस्किट, पानी और सी.सी.टीवी. की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, इसके साथ ही आयुक्त ने दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल परीक्षा कक्ष की व्यवस्था कराई है जिससे उन्हें परीक्षा देने में कोई कठिनाई नहीं हो सके। बैठक में परीक्षा सामग्री की सुरक्षा एवं गोपनीयता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि प्रश्नपत्र एवं अन्य गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित रख-रखाव एवं समय पर वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागीय जनजातीय भाषा परीक्षा महत्वपूर्ण परीक्षा है,इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शांति एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## केन्द्रीय मंत्री ने की समीक्षा

**कोडरमा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की समीक्षा की।

# विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चैनपुरा (पलामू)।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा कल्याण गुरुकुल चैनपुर, पलामू में विनायक दामोदर सावरकर जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सनी कुमार, द्वितीय स्थान शंकर उरांव एवं तृतीय स्थान जेठू लाल सोरेन ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरफराज अंसारी द्वितीय स्थान कुलदीप उरांव तथा तृतीय स्थान अंकित मिंज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने बोला कि 28 मई को भारतीय स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई जाती है




एवं उनके निडर बलिदान एवं साहित्य की योगदान और आत्मनिर्भर राष्ट्र के प्रति आजीवन समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण अदम्य साहस और त्याग की मिसाल स्वतंत्रता वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। सावरकर मन तेज सावरकर मन त्याग सावरकर मन राष्ट्रभक्ति वीर सावरकर की जयंती पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

कल्याण गुरुकुल के प्रिंसिपल ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर वीर सावरकर की जयंती प्रति वर्ष 28 में को मनाई जाती है। उनका जन्म 28 मई 1883 ई में महाराष्ट्र के नासिक जिले के भंगुर गांव में हुआ था। वीर सावरकर कहा करते थे कष्ट ही तो वह शक्ति है जो मनुष्य को आगे बढ़ाने में प्रेरित करती है। वे बचपन से ही अदम्य साहसी, और देशभक्त थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ दाव पर लगा दिया था। उन्होंने यह संदेश दिया था। अपने देश के प्रति स्वतंत्रता अखंडता के लिए सर्वत्र जीवन निछावर कर देना ही सबसे बड़ा धर्म है यही साहस और देश भक्ति के प्रति अपना जीवन निछावर कर देने के कारण उन्हें वीर सावरकर के नाम से जाना जाता है तथा इस कार्यक्रम का समापन मनोरंजन तिवारी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक आशीष रंजन उपाध्याय, ट्रेनर रोशन लकड़ा, एवं कल्याण गुरुकुल के एम ए मिथिलेश कुमार यादव उमाकांत जी, मोहित दूबे, दीपक कुमार, पंकज कुमार, रोशन दूबे अजीत शर्मा आदि कई लोग शामिल थे।

# एसबीआई एटीएम के सुरक्षा कर्मियों ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारी वर्षा और आंधी के बीच एसबीआई एटीएम के सुरक्षा कर्मियों ने आज उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना और प्रदर्शन किया। इन गाडर्स के समर्थन में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा भी इन गार्ड्स के साथ है। वहीं कांग्रेस भी इस आंदोलन में साथ खड़ा हो गई है। यह लोग पहले डब्ल्यूडब्ल्यूएसओ कंपनी में कार्यरत थे। इस कंपनी के स्थान पर नई कंपनी सीआईएसएस को प्रभार दे दिया गया है। अब यह नई सिक्योरिटी एजेंसी ने पिछले 10-15 सालों से काम करने वाले एटीएम सुरक्षा कर्मियों को हटा दिया है। उसके स्थान पर बिहार एवं झारखंड के विभिन्न स्थानों से सिक्योरिटी एजेंसी ने गार्ड्स की बहाली करके काम दे दिया है। 1 मई से इन लोगों को बिठाने के बाद से यह सब सिक्योरिटी गार्ड ने नई एजेंसी से निवेदन किया कि उसे काम पर रखा जाए, नहीं तो भूखे मर जाएंगे। लेकिन उसके पदाधिकारी इन्हें डांट कर भगा दिए हैं। इन लोगों का उपायुक्त से मांग की है कि जितने पुराने सुरक्षाकर्मी है, उन्हें पुनः रखा जाए और जो उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं, उन पर एक्शन लिया जाए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू

## शिक्षक और विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर साहिबगंज के राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। मॉडल कॉलेज राजमहल में कर्मचारियों छात्र छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह के नेतृत्व में एक विशेष योगा सत्र का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर योगा फॉर हेल्दी एजिंग की थीम पर आधारित रहा। प्राचार्य श्री सिंह ने अब से प्रत्येक शनिवार आस पास के बुजुर्गों के साथ कॉलेज परिसर में योग करने पर भी कार्य कर रहे है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राजमहल की वार्डन मारग्रेट हेंब्रम बताती है कि प्रधानमंत्री लगातर देश वासियों को तंदुरुस्त रहने के लिए योग करने की सलाह विभिन्न सामूहिक पटल से दे रहे हैं। योग स्वस्थ रहने अध्ययन अध्यापन में एकाग्रता को भी बढ़ाता है। योग हर उम्र के लोगों के लिए है। आज डॉक्टर के पास मरीजों का तांता लगा रहता है। योग से बीमार होने की नौबत ही नहीं आती है।

मॉडल कॉलेज राजमहल की छात्रा प्रतिभा रक्षित भी पिछले कई वर्षों से योग करती है। प्रधानमंत्री ने उनके जन्म दिन पर पत्र लिखकर बधाई दी है। कॉलेज की अन्य छात्रा ने भी बताया कि योग करने से उनके स्वस्थ पर काफी सकारात्मक असर पड़ा है अब वह पढ़ाई में भी अच्छा कर रही है। लड़कियों ने प्रधानमंत्री के बातों को ध्यान में रखकर योगाभ्यास कर अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करती है। किशोर किशोरियों में हार्मोनल चेंज इस उम्र में स्वाभाविक है। खासकर लड़कियों में मासिक धर्म के दौरान उत्पन्न समस्याओं में भी बहुत हद तक योगा लाभदायक है। छात्राओं के इस समस्या में योगाभ्यास कर लाभ मिला है। सबको योग अभ्यास निरंतर करना चाहिए। छात्राओं के साथ साथ छात्रों में भी योग के प्रति रुझान बढ़ा है। पहले यह लोग बोलने पढ़ने में झिझकते थे परन्तु योग से इस पर भी परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री निरंतर लोगो को स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूक कर रहे है। यह एक अच्छी पहल है। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। आज योग के महत्व को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। योग के प्रति लोग जागरूक भी हुए है और अपने दैनिक दिनचर्या में इसको शामिल भी कर रहे हैं।

# बिहार का प्रथम राष्ट्रवादी साप्ताहिक अखबार : 'पाटलिपुत्र'

## हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली दो सौ वर्ष पर विशेष

**डॉ ध्रुव कुमार**

भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में बिहार की धरती ने अनेक ऐसे समाचार पत्रों को जन्म दिया, जिन्होंने केवल खबरें प्रकाशित नहीं कीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की चेतना को भी दिशा दी। इन्हीं महत्वपूर्ण पत्रों में एक था -'पाटलिपुत्र'। यह समाचार-पत्र बिहार में राष्ट्रीय जागरण, ऐतिहासिक चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रभावशाली माध्यम बना। प्रसिद्ध इतिहासकार, विद्वान और राष्ट्रवादी चिंतक डॉ काशी प्रसाद जायसवाल के संपादन में प्रकाशित यह पत्र बिहार की बौद्धिक और राजनीतिक चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 27 वें अधिवेशन (बांकीपुर, पटना) ने बिहार के राजनैतिक जीवन में उथल-पुथल मचा कर रख दी। बिहार का बंगाल से अलग होने की 1912 ई. की घटना राष्ट्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति में सहायक माना गया। बिहार की राजनीति निर्णायक दौर में थी। लोग निःस्वार्थ देश-प्रेम, निर्भीक विचार तथा अटल संकल्पों के दीवाने बनकर जोशपरक पठनीय सामग्रियों की तलाश करने लगे थे। कहा जाता है कि 'पाटलिपुत्र' इन्हीं दीवानों की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की उपलब्धि बनकर सामने आया। राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत इस अखबार को बिहार का प्रथम राष्ट्रवादी साप्ताहिक की संज्ञा दी जाती है। 'पाटलिपुत्र' के प्रकाशन की शुरुआत पटना के चौधरी टोला में हथुआ नरेश महाराज महादेव शाही के 'एक्सप्रेस प्रेस' से 1914 ई. में हुआ। इसके संस्थापक संपादक के रूप में काशी प्रसाद जायसवाल सबकी पसंद बने। उन दिनों काशी प्रसाद जायसवाल को अंगरेजी हुकूमत की नजरमें 'एक खतरनाक क्रांतिकारी' थे। राष्ट्रवादी गतिविधियों में सम्मिलित होने एवं अंगरेजी सरकार के विरुद्ध आंदोलनकारियों से मिलकर कुचक्र करने के आरोप में उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट का जज बनने में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनके पटना आने की सूचना के बाद अंगरेजी सरकार स्थानीय जिला मजिस्ट्रेट और आरक्षी अधीक्षक के माध्यम से उनके क्रियाकलापों एवं उनसे मिलने- जुलने वालों की सूचनाएं संग्रह कर रही थी। एक तरह से काशी प्रसाद जायसवाल पर अंग्रेजों द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही थी। इन परिस्थितियों में काशी प्रसाद जायसवाल ने पाटलिपुत्र के प्रकाशन का कार्य शुरू किया। उनका मासिक वेतन 250 रूपये निर्धारित किया गया। सहकारी संपादक महावीर प्रसाद गहमरी को 75 रूपये और प्रूफ संशोधन के लिए पारस नाथ तिवारी को 35 रुपए मिलते थे। कुछ महीने तक तो काशी प्रसाद जायसवाल 'पाटलिपुत्र' में अपनी विद्वता एवं गंभीरता का पोषण करते रहे, किंतु धीरे-धीरे उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों के ओजपूर्ण अग्रलेखों से पाठक- वर्ग में क्रांति की नई लहर पैदा कर दी। राष्ट्रीय स्वर, तीखे तेवर और अच्छी साफ-सुथरी छपाई, ले-ऑउट एवं आकर्षक साज-सज्जा के कारण पाटलिपुत्र अपने शुरुआती दौर में ही बिहार एवं पड़ोसी राज्यों के प्रबुद्ध और जागृत जनता की पहली पसंद बन गया। धीरे धीरे पाटलिपुत्र की लोकप्रियता परवान चढ़ने लगी। 10 अगस्त, 1914 के अंक में काशी प्रसाद जायसवाल के संपादकीय ने अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी। उन्होंने लिखा - 'विश्व परिवेश में अंगरेजी सरकार युद्धों में फंस चुकी है और उसे अपनी कमजोर स्थिति का आभास होने लगा है। इसीलिए भारतवर्ष के स्वतंत्रता आंदोलन को भी वह सख्ती से कुचल देना चाहती है, ताकि यह उपनिवेश भी कहीं उसके हाथों से न निकल जाए। परंतु सरकार को यह सोच लेना चाहिए कि वह देशप्रेम की व्यापक उत्तेजना को रोक सकने में अंततोगत्वा असफल रहेगी।' जनता को अंग्रेजी सरकार के विरोध में भड़काने वाली ऐसी बातों के छपने की तीखी प्रतिक्रिया तो होनी ही थी। बिहार के तत्कालीन अधिकारी असंतुष्ट और नाराज हो गए। उन्होंने पाटलिपुत्र के प्रकाशक हथुआ महाराज से अपनी नाराजगी प्रकट की। जाहिर है ब्रिटिश सरकार के लगातार बढ़ते दबाव में अंततः काशी प्रसाद जायसवाल ने 'पाटलिपुत्र' से अपने को अलग कर लिया। काशी प्रसाद के बाद सोना सिंह चौधरी इसके संपादक बनाए गए। पारसनाथ त्रिपाठी, रामानंद द्विवेदी और ईश्वरी प्रसाद शर्मा सहकारी संपादक के रूप में उनकी मदद करने लगे। सोना सिंह चौधरी ने भी काशी प्रसाद जायसवाल की ही राह पकड़ी। उन्हें भी अपने निर्भीक राष्ट्रवादी विचारों के प्रकाशन में किसी की



भी दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं थी। जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद भारतीय मस्तिष्क को व्यापक पैमाने पर झकझोरनेवाली सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना चंपारण के नीलहों पर अत्याचार और उनकी बर्बरता थी। अपनी चंपारण यात्रा के दौरान जेल से छूटने के बाद दोगुने उत्साह से गांधीजी ने चंपारण के अलावा मोतिहारी और बेतिया के ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम कर रैयतों के बयान लेने शुरू कर दिये। राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा (पृष्ठ 498) में लिखा,- 'शायद ही कोई प्लांटर बचा हो जिसके रैयत सैंकड़ों की संख्या में हमारे पास नहीं आये हों तथा अपनी शिकायत पूरे विस्तार से नहीं लिखाये हों। 'शीर्षस्थ नेता के नेतृत्व में जनमत संग्रह के इस अभियान से अंग्रेज निलहे घबरा उठे। उन सबों ने संगठित होकर उच्चाधिकारियों से गांधीजी की शिकायत की, उनके विरुद्ध झूठी अफवाहें फैलाईं और उन्हें नीचा दिखाने के लिए अखबारों में मनगढ़ंत खबरें छपवाईं लेकिन पत्र-पत्रिकाओं ने उनके समस्त आरोपों को बेबुनियाद और मिथ्या बताकर निरस्त कर दिया। 'पाटलिपुत्र' ने जांच-कार्य में अड़ंगा लगाने की आलोचना की। 12 मई 1917 के अंक में पाटलिपुत्र ने अपने संपादकीय में लिखा- 'गांधीजी की प्रवृत्ति, स्वभाव और काम करने के वैधानिक तरीकों से पूरा राष्ट्र अवगत है। जनता ऐसी अफवाहों में कभी भी विश्वास नहीं करेगी। ऐसा अवैधानिक काम एक वैसे व्यक्ति के द्वारा संभव हो ही नहीं सकता जो सविनय अवज्ञा का निष्ठावान प्रवर्तक है... उनके काम में जितना भी अड़ंगा लगाया जाय, जनता उतनी ही उत्तेजित और दृढ़संकल्प युक्त होती जाएगी। इसलिए इस अवसर पर एकमात्र बात जो कही जा सकती है वह यह कि उनके काम को शांतिपूर्ण ढंग से चलने दिया जाय।' जब 'पाटलिपुत्र' पूरे जोश और राष्ट्रवादी तेवर में सरकार की जड़ें खोदने के लिए कलम चला रहा था, एक अप्रत्याशित घटना हो गई। छपरा की एक आमसभा का प्रतिनिधित्व इसके प्रकाशक हथुआ महाराज कर रहे थे। उसी सभा में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ कि वर्तमान घोर विपत्ति में अंगरेजी सरकार की मदद की जाय। वहां से लौटने के बाद उन्होंने उक्त पारित प्रस्ताव की सूचना 'एक्सप्रेस' एवं 'पाटलिपुत्र' को प्रकाशनार्थ भेजी गई। यह खबर भी भिजवायी गई कि इस आवश्यक समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाए। एक तरफ क्रांतिकारी विचार और दूसरी तरफ प्रकाशक हथुआ नरेश का आदेश। संकट की घड़ी। उक्त समाचार को नहीं छापना राष्ट्रवादी संपादक- पत्रकारों की बाध्यता थी, क्योंकि वह उसके सिद्धांतों के प्रतिकूल था। दूसरी ओर हथुआ नरेश के आदेश को नहीं मानना भी व्यावहारिक दृष्टि से उचित नहीं था। घंटों विचार-विमर्श एवं मंथन के पश्चात अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। हालांकि इसमें सबकी नौकरी फंस सकती थी। फिर योजनाबद्ध तरीके से सिर्फ बारह प्रतियों में यह समाचार प्रकाशित किया गया और उन्हें नरेश एवं लार्ड के यहां भिजवा। खबर पढ़ कर वे संतुष्ट हो गए और सबने राहत की सांस ली लेकिन पाठकों तक पहुंचे समाचार पत्रों में यह समाचार प्रकाशित ही नहीं किया गया। बाद में जब इस राज का पर्दाफाश हुआ तो हंगामा होना ही था। दूसरी ओर संपादक मंडल ने इसके लिए खेद प्रकट करने से इंकार कर दिया। अंततः 3 मई 1921 को अंगरेजी सरकार के निर्देश पर तार भेजकर हथुआ नरेश ने पाटलिपुत्र का प्रकाशन बंद करा दिया। इस तरह एक निर्भीक समाचार-पत्र पाटलिपुत्र का प्रकाशन बंद हो गया। पाटलिपुत्र अपने दौर का सबसे उत्कृष्ट छपाई वाला समाचार पत्र माना जाता है। साज सज्जा, ले ऑउट, डिजाईन आदि में उसके आगे दूसरा समाचार-पत्र कहीं नहीं टिकता था। उसके विशेषांकों को पाठक सहेज कर रखते थे। एक विशेषांक के बारे में ऐसा कहा जाता है कि आजतक वैसा सर्वांग सुंदर विशेषांक किसी साप्ताहिक का नहीं देखा गया।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं विश्लेषक हैं)**

# किशोरियों को किया गया जागरूक

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग, हजारीबाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सभागार में माहवारी स्वच्छता दिवस 2026 के अवसर पर किशोरी बालिकाओं हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सदर परियोजना में किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग सदर शहरी एवं सदर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी एवं मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित सही एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त सदर ग्रामीण एवं सदर शहरी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सी3 के अभिनव कुमार तथा आदित्य कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क शिक्षा के लिए विद्यालय का होगा निर्माण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल के हसपुरा स्थित चौराही में गुरुवार को गुजरात की संस्था मातु श्री काशी बा गोटी चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत के परिवार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर रामानुजन साइंस एंड एजुकेशनल ट्रस्ट फ्री एजुकेशन सेंटर के नए विद्यालय परिसर हेतु भूमिपूजन सह शिलान्यास किया गया। इस परिवार में धनजी भाई, चतुर भाई, भूपत भाई, नरेश भाई शामिल हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने किया। अध्यक्षता महिला महाविद्यालय दाउदनगर के संस्कृत विभाग के प्रोफ़ेसर कमलेश मिश्र ने व संचालन वरिष्ठ वकील बृजनन्दन सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख केदार सिंह यादव, मुखिया नीलम देवी आदि उपस्थित थे।

# हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना कौड़िया, दोनों समुदायों ने मिलकर मनाया पर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बकरीद पर्व के अवसर पर सदर प्रखंड के कौड़िया गांव में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। गांव के समाजसेवी टाइगर कुमार ने बकरीद के दूसरे दिन अपने आवास पर कुर्बानी देकर हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर दोनों समुदायों के लोगों ने एक साथ शामिल होकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान टाइगर कुमार ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और सभी को सेवइयां खिलाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कौड़िया मस्जिद के हाफिज इनामुल हक ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कुर्बानी की रस्म अदा कराई। इस मौके पर मोहम्मद असलम, समीर अंसारी, अबुल अंसारी, मोहम्मद कमरूद्दीन, राहुल सिंह, बुलडॉग, रोहित, पियूष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी टाइगर कुमार ने कहा कि कौड़िया गांव वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का प्रतीक रहा है। यहां दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे के पर्व और खुशियों में समान रूप से भागीदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम, सम्मान और सहयोग ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और यही संदेश बकरीद जैसे पर्व भी देते हैं। 9उन्होंने कहा कि पलामू सहित पूरे झारखंड में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में सभी समुदायों के लोगों की सहभागिता बढ़ रही है, जो सामाजिक समरसता के लिए सकारात्मक संकेत है। वहीं हाफिज इनामुल हक ने कहा कि कुर्बानी केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और मानव सेवा का संदेश भी है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घर बुलाकर भोजन कराना और खुशियां बांटना भी सुन्नत का हिस्सा है। बकरीद का पर्व हमें बुराइयों से दूर रहकर नेक कार्यों और इंसानियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# 1400 किलो जावा महुआ विनष्ट, 370 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में सदर एवं बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान हुरहुरु क्षेत्र में 4, कुम्हारटोली क्षेत्र में 7 तथा पारनाला क्षेत्र में गहरे नाले के किनारे गड्ढा खोदकर छुपाकर रखी गई पांच अलग-अलग अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान संचालित भट्ठियों को ध्वस्त किया गया।

कार्रवाई के क्रम में घटनास्थल एवं आसपास छुपाकर रखे गये लगभग 1400 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए एवं करीब 370 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग द्वारा बताया गया कि मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस छापेमारी अभियान में निरीक्षक उत्पाद सौरभ कुमार झा, अवर निरीक्षक उत्पाद भुनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह एवं सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# छह माह से वेतन को तरस रहे सहायक आचार्य, सरकार करे भुगतान : भाकपा

## उदासीनता के कारण आर्थिक संकट से गुजर रहे सहायक आचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड में सहायक आचार्यों को पिछले छह माह से अधिक समय से वेतन नहीं मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से अविलंब बकाया भुगतान करने की मांग की है। भाकपा के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि खनिज संपदाओं और कोयला उत्पादन के लिए देशभर में पहचान रखने वाले झारखंड में शिक्षकों का वेतन लंबित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण हजारों सहायक आचार्य आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी परिवार में यदि एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति को छह महीने से वेतन न मिले तो उसके सामने रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना बेहद कठिन हो जाता है। ऐसे में शिक्षकों और उनके परिवारों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। रूचिर तिवारी ने कहा कि पूर्व में शिक्षकों से शपथ पत्र लेकर वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाती थी, जिसमें यह प्रावधान रहता था कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो संबंधित शिक्षक स्वयं उसकी जिम्मेदारी वहन करेगा। लेकिन वर्तमान में प्रशासनिक स्तर पर अनावश्यक विलंब के कारण वेतन भुगतान प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पलामू जिला शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की निष्क्रियता का खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। इससे शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भाकपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप कर पलामू समेत पूरे झारखंड के सहायक आचार्यों का लंबित वेतन शीघ्र जारी कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उनके सम्मान और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

# राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : रमा निषाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री रमा निषाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का विस्तृत प्रतिवेदन दृश्य प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बताया गया कि जिले में पुनपुन, सोन, बटाने, बतरे, अदरी एवं केसहर नदी प्रमुख हैं तथा वर्ष 2021 से 2025 तक औसत वर्षापात सामान्य से कम दर्ज किया गया है। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विभाग पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभाग संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करें, राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रखें तथा आमजनों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय दल की उपलब्धता सुनिश्चित रखने, कृषि विभाग को किसानों को समय पर सलाह उपलब्ध कराने, जल संसाधन विभाग को तटबंधों की सतत निगरानी रखने तथा नगर निकायों को जल निकासी एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बाढ़ सुरक्षा सप्ताह, नुक्कड़ नाटक, फ़ेसबुक लाइव, प्रकाश उत्सर्जक वाहन एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किए जा रहे प्रचार-प्रसार की जानकारी भी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, सिविल सर्जन, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठनका से शिक्षक समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद/रफीगंज।** जिले में दो अलग-अलग जगहों पर हुई वज्रपात की घटनाओं में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भीखनपुरा की है जहां वज्रपात की चपेट में आने से कासमा थाना क्षेत्र के पांडेय कर्मा गांव निवासी शत्रुघ्न शरण सिंह के पुत्र सुनील कुमार सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुनील प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह अपने बाइक से स्कूल के लिए निकले थे। जैसे ही वे विद्यालय कैंपस में प्रवेश किए वैसे ही वज्रपात की चपेट आ गये जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें जिंदा समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज लाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत के बाद उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दाउदनगर थाना क्षेत्र के केसरारी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से किसान केदार सिंह यादव की मौत हो गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने आए मृतक के बड़े पुत्र सुबोध कुमार ने बताया कि पिताजी सुबह गांव स्थित एक खेत में शौच के लिए गए हुए थे तभी वज्रपात की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही उन्हें लेकर सभी अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत कोष से मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजे की मांग की है।

# विभिन्न मामलों में 41 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 11 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, रंगदारी में एक मद्यनिषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस क्रम में 85 लीटर देसी शराब, 18.750 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक साइकिल बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1110 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बटाने पुल क्षतिग्रस्त होने के मामले में पूर्व सांसद ने लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने औरंगाबाद जिले में एनएच-139 पर कुटुंबा प्रखंड स्थित बटाने नदी पर निर्मित पुल के क्षतिग्रस्त होने को लेकर बिहार सरकार के मुख्य सचिव एवं पथ निर्माण विभाग के सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पूर्व सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि उक्त पुल का निर्माण कुछ ही वर्ष पूर्व कराया गया था लेकिन निर्माण कार्य में अनियमितता एवं गुणवत्ता की कमी के कारण प्रारंभ से ही इसमें तकनीकी खामियां मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि पुल में समस्या आने के बाद पूर्व में आवागमन बंद कर डायवर्सन के माध्यम से यातायात चालू कराया गया था तथा उसके ऊपरी हिस्से की मरम्मत भी कराई गई थी, जिस पर सरकार के कई करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च हुए थे। उन्होंने कहा कि अब पुनः पुल क्षतिग्रस्त होकर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। संभावित दुर्घटना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा कारणों से पुल पर परिचालन बंद कर दिया गया है और फिलहाल वैकल्पिक मार्ग से यातायात संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक मार्ग लंबा होने के कारण लोगों का समय एवं ईंधन दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि वर्तमान समय में महंगे ईंधन और उसकी सीमित उपलब्धता के कारण आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनहित को देखते हुए पुल के बगल में अविलंब लो लेवल ब्रिज अथवा पक्का एवं मजबूत डायवर्सन का निर्माण कराया जाए ताकि यातायात सुचारू रूप से जारी रह सके। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल की विशेष मरम्मत अथवा नए पुल के निर्माण में लंबा समय लग सकता है, इसलिए आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाना अत्यंत जरूरी है।

## रोहिणी नक्षत्र की पहली बारिश से मिली राहत

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** रोहिणी नक्षत्र की पहली बारिश होते ही लोगों ने राहत की सांस ली है। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को मौसम के इस बदलाव ने बड़ी राहत दी है। बारिश की फुहार पड़ते ही सबसे ज्यादा खुशी किसानों के चेहरों पर देखने को मिली। खेतों की सूखी मिट्टी भीगते ही किसानों के चेहरे खिल उठे।

# फरियादियों की समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित सबका सम्मानऽजीवन आसान के तहत जनता दरबार में कुल-33 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर अपनी मामले से संबंधित आवेदन देकर फरियाद की व्यथा पुलिस अधीक्षक को सुनाया जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न वादों की जांच करते हुए उनकी फरियाद सुनी और कई फरियादियों की कागजात दुरुस्त रहने एवं मामला सत्य पाए जाने पर ऑन द स्पोर्ट निस्तारण किया। साथ ही अन्य मामलों की सुनवाई एवं जांच के लिए संबंधित थानाध्यक्ष व केस के अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों से कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। एसपी ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह बने भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया के निर्देशानुसार प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची जारी की गई है। जारी सूची में औरंगाबाद सदर के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उनके मनोनयन पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद जताई है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कृष्ण बल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी, अवध बिहारी सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, अनिल सिंह, सुनील शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह एवं रंजीत कुशवाहा, जिला मंत्री सुबोध सिंह, अशोक पांडे, सुमन अग्रवाल, कार्यालय मंत्री बिकेस सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, ऋषि राज, अमरदीप चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह, सुजीत सिंह, भरत सिंह, चंदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुनील सिंह, भूपेंद्र नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, अनूप मिश्रा, अमित गुप्ता, संजय गुप्ता, नीलम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी के 57 हज़ार रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ज़िले में साइबर फ्रॉड के खिलाफ़ चलाये जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप साइबर पुलिस ने कार्रवाई की है। साइबर ठगों ने औरंगाबाद शहर के रहने वाले एक व्यक्ति से फ्रॉड कर 57 हजार रुपये ठग लिए थे। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। फ्रॉड के शिकार व्यक्ति को 57 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। साइबर डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह की देखरेख में साइबर अपराध पर रोक लगाने एवं पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। मामले में पीड़ित नीरज कुमार ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 7 मई को उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड की गई थी। शिकायत मिलते ही साइबर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम के लगातार प्रयास, तकनीकी जांच एवं त्वरित समन्वय के परिणामस्वरूप पीड़ित के खाते में 57 हजार रुपये की धनराशि वापस करा दी गई है।

# प्रमोद चंद्रवंशी बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जारी सूची के अनुसार प्रमोद चंद्रवंशी को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने अपने सभी सात मोर्चा अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा की है। नई सूची के अनुसार जितेंद्र सिंह को युवा मोर्चा, निशा सिंह विधायक को महिला मोर्चा, राम सुमिरन सिंह को किसान मोर्चा, सुजीत पासवान विधायक को अनुसूचित जाति मोर्चा, निरंजन पंजियार थारू को अनुसूचित जनजाति मोर्चा तथा महाबुल हक को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी की नई प्रदेश कमेटी की घोषणा के साथ ही औरंगाबाद जिले को भी संगठन में महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे जिले के लिए गौरव की बात बताते हुए संगठन नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने नई प्रदेश कमेटी की घोषणा के बाद प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया और नव मनोनीत नेताओं को बधाई दी। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि नई प्रदेश टीम और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।


हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



रणधीर झा

सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

सोशल मीडिया प्रभारी

ओड़िसा किसान कांग्रेस


# प्राथमिकता के आधार पर करें राजस्व मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलों में संचालित राजस्व संबंधी योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं तथा न्यायालयीन मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व न्यायालयों के लंबित मामलों, म्यूटेशन अपील, जमाबंदी निरस्तीकरण एवं अतिक्रमण वादों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमित सुनवाई एवं समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ऑनलाइन सुनवाई की तिथि एवं कारण सूची के नियमित प्रकाशन पर भी बल दिया गया। मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व विभाग से संबंधित सभी सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप राजस्व मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

# सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज में इग्नू की परीक्षा एक जून से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद में जून 2026 सत्र की परीक्षा एक जून से शुरू होगी, जो 21 जुलाई 2026 तक चलेगी। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महाविद्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पूर्व पहुंचने का निर्देश दिया गया है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक सह केंद्र अधीक्षक प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में केवल कलम, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र ही लेकर आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स अथवा ऐसे उपकरण, जिनसे परीक्षा संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी परीक्षार्थी के पास ऐसे गैजेट्स पाए जाते हैं तो उन्हें परीक्षा कक्ष में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

## बेंगलुरु से प्रेमी युगल को किया बरामद

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र से फरार प्रेमी युगल को पुलिस ने बेंगलुरु से बरामद कर लिया है। पुलिस ने बरामद प्रेमी युगल को औरंगाबाद न्यायालय में भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई नाबालिक लड़की के पिता द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर किया है। एसआई ध्रुव कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी कर प्रेमी युगल को हिरासत लेते हुए रफीगंज थाना लाया जहां से औरंगाबाद कोर्ट में 164 के तहत बयान कराया गया। साथ ही चिकित्सकीय जांच करायी जाएगी। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है। न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269



हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रमोद चंद्रवंशी

प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा (ओबीसी मोर्चा)

पूर्व प्रत्याशी

ओबरा विधानसभा क्षेत्र

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

रंजीत कुमार

थानाध्यक्ष

बारून (औरंगाबाद)

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूरा होने पर हाजीपुर नगरवासियों समेत सभी पत्रकार बंधुओं को

हार्दिक शुभकामनाएं

नगर परिषद, हाजीपुर (वैशाली)

अपील

➜ हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र को साफ, सुथरा, स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें।

➜ नगर परिषद के सभी प्रकार के करों का समय पर भुगतान कर शहर के विकास में सहभागी बनें।

सुशील कुमार



कार्यपालक पदाधिकारी

नगर परिषद, हाजीपुर (वैशाली)